**प्रश्न–पत्र – ब्लयू प्रिन्ट**
**कक्षा – 10 विषय – विज्ञान**

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघु | लघु | | निबं. | अति. लघु | लघु | | निबं. | अति. लघु | लघु | | निबं. | अति. लघु | लघु | | निबं. | |
| | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | | | SA1 | SA2 | | 10(4) |
| 1 | धातु तथा अधातु | | 2(1) | 3(1) | | | 2(1) | 3(1) | | | | | | | | | | 10(3) |
| 2 | कार्बन एवं उसके यौगिक | | | | | | | 2(1) | 5(1) | | | 3(1) | | | | | | 8(4) |
| 3 | तत्वों का आवर्त वर्गीकरण | 1(1) | | 1(1) | 3(1) | | | 3(1) | | | | | | | | | | 8(4) |
| 4 | आनुवांशिकता एवं जैव विकास | | | 3(1) | | 1(1) | 2(1) | | | | | | | | 2(1) | | | 10(4) |
| 5 | विद्युत | | | 3(1) | 2½(1) | | | | | | 2(1) | | 2½(1) | | | | | 10(4) |
| 6 | विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव | 1(1) | | | 4(1) | 1(1) | | | | | | | | | | | 4(1) | 8(3) |
| 7 | प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन | | | 2(1) | | | | | 5(1) | 1(1) | | | | | | | | 8(3) |
| 8 | ऊर्जा के स्त्रोत | | 2(1) | | | 1(1) | | | 5(1) | | | | | | | | | 8(3) |
| 9 | हमारा पर्यावरण | 1(1) | | | | 1(1) | | | | 1(1) | | | | | | 5(2) | | 8(5) |
| | योग | 2 | 5 | 12 | 9½ | 3 | 5 | 8 | 15 | 2 | 2 | 3 | 2½ | – | 2 | 5 | 4 | 80(34) |
| | कुल योग | | | 28½ | | | | 31 | | | | 9½ | | | 11 | | | 80(34) |

## विषय – विज्ञान

विषय कोड

समय–4:15 घण्टे पूर्णांक – 80

| क्र. सं. | इकाई का नाम | पुस्तक में पाठ्यक्रमांक | अध्याय का नाम | अंक भार | इकाई के कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रासायनिक पदार्थ | 3(10वीं) | (1)धातु एवं अधातु | 10 | 28 |
| | | 4(10वीं) | (2)कार्बन एवं उसके यौगिक | 10 | |
| | | 5(10वीं) | (3)तत्वों का आवर्त वर्गीकरण | 8 | |
| 2. | सजीव जगत | 9(10वीं) | (4)आनुवंशिकता एवं जैव विकास | 8 | 8 |
| 3. | विद्युत धारा के प्रभाव | 12(10वीं) | (5)विद्युत | 10 | 20 |
| | | 13(10वीं) | (6)विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव | 10 | |
| 4. | प्राकृतिक संसाधन | 14(10वीं) | (6)ऊर्जा के स्त्रोत | 8 | 24 |
| | | 15(10वीं) | (8)हमारा पर्यावरण | 8 | |
| | | 16(10वीं) | (9)प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन | 8 | |

## विषय – विज्ञान (सैद्धान्तिक)

**समय : 4.15 घन्टे** **पूर्णांक 80**

| इकाई | नाम |
|---|---|
| I | रासायनिक पदार्थ– प्रकृति तथा व्यवहार |
| II | सजीव जगत |
| III | विद्युत धारा के प्रभाव |
| IV | प्राकृतिक संसाधन |

**इकाई I : रासायनिक पदार्थ – प्रकृति तथा व्यवहार**

(1) धातु तथा अधातु : धातुओं एवं अधातुओं के सामान्य गुण, सक्रियता श्रेणी, आयनिक यौगिकों का बनना एवं गुण, मूलभूत धातुकर्मीय प्रक्रियाएँ, संक्षारण तथा इससे बचाव।

(2) कार्बन एवं उसके यौगिक : कार्बन के यौगिकों में सहसंयोजी आबन्ध, कार्बन की सर्वतोमुखी प्रकृति, कार्बन के यौगिकों की नाम पद्धति, प्रकार्यात्मक समूह, संतृप्त तथा असंतृप्त हाइड्रोकार्बनों में अन्तर, एथेनॉल तथा एथेनॉइक अम्ल (केवल गुण तथा उपयोग), साबुन तथा अपमार्जक।

(3) तत्वों का आवर्ती वर्गीकरण : आधुनिक आवर्त सारणी, गुणधर्मों मे श्रेणीकरण।

**इकाई III: विद्युत धारा के प्रभाव –**

(1) विद्युत – विभवान्तर तथा विद्युत धारा, ओम का नियम, प्रतिरोध, कारक जिन पर किसी चालक का प्रतिरोध निर्भर करता है। प्रतिरोधकों का श्रेणी क्रम में संयोजन, प्रतिरोधकों का पार्श्व संयोजन, धारा का उष्मीय प्रभाव, शक्ति, पी.वी.आई. तथा आर. में अर्न्तसम्बंध।

(2) विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव – चुम्बकीय क्षेत्र, क्षेत्र रेखाएँ, धारावाही तार के कारण चुम्बकीय क्षेत्र, धारावाही कुण्डली अथवा परिनालिका के कारण चुम्बकीय क्षेत्र मे रखे धारावाही चालक पर बल, फ्लेमिंग का दक्षिण हस्त नियम, दिष्ट धरा, प्रत्यावर्ती धारा, AC की आवृत्ति, DC की तुलना में AC के लाभ, घरेलू विद्युत परिपथ।

**इकाई IV: प्राकृतिक संसाधन –**

(1) ऊर्जा के स्त्रोत – ऊर्जा के विभिन्न रूप, ऊर्जा के विभिन्न पारस्परिक तथा गैर पारम्परिक स्त्रोतों की ओर संकेतन, जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा बायो गैस, पवनें, जल

तथा ज्वारीय ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा, नवीकरणीय बनाम अनवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत।

(2) (अ) हमारा पर्यावरण – पारितंत्र, पर्यावरणीय समस्याएँ, इनका हल, जैव निम्नीकरणीय, अजैव निम्नीकरणीय, ओजोन क्षय।

(ब) क्षेत्रीय पर्यावरण – बड़े बाँध : लाभ तथा सीमाएँ, विकल्प यदि कोई हो तो, जल संग्रहण, प्राकृतिक संसाधनो का संपोषण।

(3) प्राकृतिक संसाधन का प्रबन्ध – प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन, प्राकृतिक संसाधनों का न्याय संगत उपयोग एवं संरक्षण, वन तथा वन्य जीवन, कोयले तथा पेट्रोलियम का संरक्षण, प्राकृतिक संरक्षण के लिए लोगों की भागीदारी के उदाहरण।

**नमूने का प्रश्न–पत्र 2012**

**विषय – विज्ञान**

**समय : 4:15** **पूर्णांक 80**

प्रश्न–1 किसी कोश में इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या ज्ञात करने का सूत्र लिखिए? 1

उत्तर $2n^2$

प्रश्न–2 विद्युत चुम्बक में क्रोड सामान्यता किस धातु का बना होता है? 1

उत्तर कच्चे लोहे का।

प्रश्न–3 ओजोन परत किन हानिकारक किरणों से हमारी रक्षा करती है? 1

उत्तर पराबैंगनी किरणों से।

प्रश्न–4 मटर का वानस्पतिक नाम बताइये? 1

उत्तर पाइसम सेटाइवन।

प्रश्न–5 भारत में उत्पन्न प्रत्यावर्ती धारा की आवृति कितनी होती है? 1

उत्तर 50 हर्ट्ज।

प्रश्न–6 नवीकरणीय ऊर्जा के दो स्त्रोत लिखिए? 1

उत्तर पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा।

प्रश्न–7 चिपको आंदोलन की शुरूआत कहाँ से हुई? 1

उत्तर टिहरी, गढ़वाल।

प्रश्न–8 खाद्य श्रृंखला अधिक लंबी कब होगी? 1

उत्तर जीवों के खाद्य स्वभाव में जितनी अधिक विविधता होगी, खास श्रृंखला उतनी ही अधिक लम्बी होगी।

प्रश्न–9 धातुओं के तीन गुण लिखिए। 2

उत्तर धातुओं के तीन गुण–

प्रश्न–10 अपरूप किसे कहते हैं? कार्बन के अपरूपों के नाम लिखिए। 2

उत्तर अपररूप की परिभाषा–हीरा, ग्रेफाइट।

प्रश्न–11 साबुन क्या होते हैं? साबुन के अणु किस प्रकार की संरचना बनाते हैं। 2

उत्तर साबुन की परिभाषा, मिसेली संरचना।

प्रश्न–12 मनुष्य में लिंग निर्धारण का रेखाचित्र बनाइये। 2

उत्तर मनुष्य में लिंग निर्धारण का रेखाचित्र

प्रश्न–13 समजात व समवृत्ति अंगों में एक अंतर बताइये तथा प्रत्येक का उदाहरण दीजिए।2

उत्तर समजात व समवृत्ति अंग में एक अंतर व उदाहरण

प्रश्न–14 चालक का प्रतिरोध किन–किन राशियों पर निर्भर करता है? 2

उत्तर (1) चालक की लंबाई
(2) चालक के अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल पर
(3) पदार्थ की प्रकृति पर
(4) ताप पर

प्रश्न–15 अच्छे ईधन की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 3

उत्तर अच्छे ईधन की विशेषताएँ–

प्रश्न–16 एल्यूमीनियम अतिक्रियाशील धातु हैं फिर भी इसका प्रयोग खाना बनाने के बर्तनों में किया जाता है। क्यों? 3

उत्तर क्योंकि एल्यूमिनियम बर्तनों पर ऑक्साइड की परत चढ जाती है जो कठोर तथा अविलेय होती है।

प्रश्न–17 सोने की शुद्धता किसमें मापी जाती है? शुद्ध सोने के आभूषण क्यों नहीं बनाए जाते? 22 कैरेट में सोने की कितनी प्रतिशत मात्रा होती है? 3

उत्तर सोने की शुद्धता, शुद्ध सोने के आभूषण न बनाने का कारण तथा 22 कैरेट सोने की प्रतिशत मात्रा।

प्रश्न–18 एथेनॉल से एथेनॉइक अम्ल में परिवर्तन को ऑक्सीकरण अभिक्रिया क्यों कहते हैं?3

उत्तर एथेनॉल से एथेनॉइक अम्ल में परिवर्तन को ऑक्सीकरण अभिक्रिया कहने का कारण।

प्रश्न–19 निम्नलिखित गुण एक आवर्त तथा वर्ग में किस प्रकार परिवर्तित होते है? 3
(अ) परमाणु आकार
(ब) विद्युत ऋणात्मकता

उत्तर आवर्त व वर्ग में सही परिवर्तन के आधार पर।

प्रश्न–20 संयोजकता किसे कहते है? किसी तत्व की संयोजकता कैसे ज्ञात की जाती है? 3 समूह व आवर्त में संयोजकता में क्या परिवर्तन होता हैं?

उत्तर संयोजकता की परिभाषा, संयोजकता ज्ञात करना, व समूह तथा आवर्त में संयोजकता में परिवर्तन।

प्रश्न–21 वंशागति से क्या तात्पर्य है? द्विसंकरण प्रयोग में प्राप्त लक्षण प्रारूप अनुपात क्या होता है? 3

उत्तर जीवों में एक पीढी से दूसरी पीढ़ी में लक्षणों के समुच्चय को संचरित करने की क्षमता।

लक्षण प्ररूपी अनुपात 9 : 3 : 3 : 1

प्रश्न–22 ओम का नियम लिखिए। श्रेणीक्रम व समान्तर क्रम में प्रतिरोधकों के संयोजन में अंतर लिखिए। 3

उत्तर ओम का नियम, श्रेणी क्रम व समान्तर क्रम में प्रतिरोधकों के संयोजन में अंतर।

प्रश्न–23 भू–तापीय ऊर्जा किसे कहते है? भू तापीय ऊर्जा के संयंत्र कहाँ पर स्थापित किये गए है व इस ऊर्जा के दो लाभ लिखिए। 3

उत्तर भू–तापीय ऊर्जा को समझाना, भू–तापीय ऊर्जा के दो लाभ, भू–तापीय ऊर्जा का संयंत्र स्थापित किये जाने वाले स्थान।

प्रश्न–24 खाद्य श्रृंखला किसे कहते है? किसी एक खाद्य श्रृंखला का उदाहरण दीजिये तथा इसमें विभिन्न पोषी स्तर बताइये। 3

उत्तर खाद्य श्रृंखला की परिभाषा, खाद्य श्रृंखला का कोई एक उदाहरण व विभिन्न पोषी स्तर।

प्रश्न–25 विद्युत चुम्बकीय प्रेरण किसे कहते है? एक कूलॉम आवेश में इलेक्ट्रॉन की संख्या की गणना कीजिये। 3

उत्तर विद्युत चुम्बकीय पेरण की परिभाषा

$1Q = 6.25 X 10^{18}e$ (इलैक्ट्रॉन)

प्रश्न–26 कार्बन परमाणु की ज्यमिति कैसी होती है? ऐल्केन श्रेणी का सामान्य सूत्र क्या है तथा इस श्रेणी के प्रथम 6 सदस्यों के नाम, सूत्र व संरचना लिखिए। 5

उत्तर चतुष्फलकीय

सामान्य सूत्र $C_n H_{2n+2}$

एल्केन श्रेणी के प्रथम 6 सदस्यों के नाम, सूत्र व संरचना।

प्रश्न–27 विद्युत मोटर का नामांकित चित्र बनाइये। इसका सिद्धान्त व कार्य विधि स्पष्ट कीजिये। 5

उत्तर विद्युत मोटर का नामांकित चित्र, इसका सिद्धांत व कार्य विधि।

प्रश्न–28 वर्षा जल का प्रबन्धन कैसे करना चाहिये? 5

उत्तर वर्षा जल का प्रबंधन।

प्रश्न–29 छड़ चुम्बक का चित्र बनाकर इसके चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ खीचिंए तथा चुबंकीय क्षेत्र रेखाओं के गुण लिखिये। 5

उत्तर छड़ चुंबक का चित्र, चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के गुण लिखना

अथवा

प्रश्न– किसी विद्युत परिपथ में लघुपथन कब होता है? धातु के आवरण वाले विद्युत साधित्रों को भूसंपर्कित करना क्यों आवश्यक है? 5

उत्तर विद्युत परिपथ में लघुपथन, विद्युत साधित्रों को भूसंपर्कित करने की आवश्यकता।

प्रश्न–30 बायो गैस संयंत्र का चित्र बनाइए तथा इसके तीन लाभ लिखिए। 5

उत्तर बायो गैस संयंत्र का चित्र, बायो गैस के तीन उपयोग–

अथवा

प्रश्न– जीवाश्मी ईंधन से आप क्या समझते है? इसकी क्या हानियाँ है? इन्हें संरक्षित करना क्यों जरूरी हैं? 5

उत्तर जीवाश्म ईंधन की परिभाषा, हानियाँ संरक्षित करना

प्रश्न–31 उत्पादक किसे कहते है? उत्पादक व अपमार्जक में कोई चार अन्तर लिखिए। 5

उत्तर उत्पादक की परिभाषा, उत्पादक – अपमार्जक में चार अंतर

अथवा

प्रश्न– ओजोन क्या है तथा यह किसी परितंत्र को किस प्रकार प्रभावित करती हैं? 5

उत्तर ''ओजोन'' का तात्पर्य एंव इसका परितंत्र पर प्रभाव

## नमूने का प्रश्न–पत्र 2014–15
## विषय–विज्ञान

नोट– यह नमूने का प्रश्न पत्र प्रश्न बैंक में अतिरिक्त प्रश्नों को जोड़ने के बाद बनाया गया है।

**समय 4:15** **पूर्णांक 80**

प्रश्न–1 आवर्त सारणी में आवारा तत्व किसे कहा गया है ? 1

प्रश्न–2 भारत में घरेलू प्रत्यावर्ती धारा (AC) की आवृत्ति कितनी है ? 1

प्रश्न–3 किस गैस को घातक विष कहा गया है? 1

प्रश्न–4 स्त्रियों में पाए जाने वाले लिंग गुणसूत्र का नाम लिखिए। 1

प्रश्न–5 विद्युत धारा उत्पन्न करने की युक्ति को क्या कहते हैं ? 1

प्रश्न–6 अनवीकरणीय ऊर्जा के दो स्त्रोत लिखिए। 1

प्रश्न–7 IUCN का पूरा नाम लिखिए। 1

प्रश्न–8 क्लोरो फ्लोरो कार्बन का सूत्र लिखिए। 1

प्रश्न–9 लोहे को जंग से बचाने के दो उपाय बताइए। 2

प्रश्न–10 अपमार्जक के दो उपयोग लिखिए। 2

प्रश्न–11 ऑक्सीकारक क्या है ? 2

प्रश्न–12 वे कौन से विभिन्न तरीके है,जिनके द्वारा एक विशेष लक्षण वाले व्यष्टि जीवों की संख्या समष्टि में बढ़ सकती है ? 2

प्रश्न–13 ओम के निमय V-I में खींचा गया ग्राफ किस तरीके का होता है ? 2

प्रश्न–14 ऊर्जा की खपत कम करने के उपाय बताइये। 2

प्रश्न–15 स्कूल की घण्टी धातुओं से क्यों बनाते है ? 3

प्रश्न–16 किसी धातु के विद्युत अपघटनी परिष्करण में आप ऐनोड कैथोड़, एवं विद्युत अपघट्य किसे बनाऐगे। 3

प्रश्न–17 साबुन क्या होते है ? साबुन के अणु किस प्रकार की संरचना बनाते हैं ? 3

प्रश्न–18 निम्नलिखित गुण आवर्त तथा वर्ग में किस प्रकार परिवर्तित होते है :– 3

(1) वैद्युत ऋणात्मकता

(2) परमाणु आकार

प्रश्न–19 समूह प्रथम के तीन तत्वों के इलेक्ट्रोनिक विन्यास लिखिए। 3

प्रश्न–20 मानव में बच्चे का लिंग निर्धारण किस बात पर निर्भर करता है ? रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट करें। 3

प्रश्न–21 12V विभवांतर के दो बिंदुओं के बीच 2C आवेश को ले जाने में कितना कार्य किया जाता है। ? 3

प्रश्न–22 पवन फार्म किसे कहते है ? पवन चक्की पर्यावरणीय द्वितैषी है समझाइये ? 3

प्रश्न–23 ओजोन मण्डल के क्षय के लिए मुख्य उत्तरदायी कौन है ? ओजोन परत की क्षति से होने वाले खतरों को लिखिए। 3

प्रश्न–24 बायो गैस क्या है ? इसके संयंत्र का नामांकित चित्र बताइये। 3

प्रश्न–25 अकेले व्यक्ति के रूप में आप विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों की खपत कम करने के लिए क्या कर सकते हैं ? 5

अथवा

वर्षा जल प्रबंधन कैसे करना चाहिए ?

प्रश्न–26 विद्युत मोटर का नामांकित चित्र बनाइये। इसका सिद्धान्त व कार्य विधि स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

विद्युत चुम्बकत्व का प्रयोग कहाँ कहाँ होता है ? मैक्सवेल का दक्षिण हस्त नियम लिखिए।

प्रश्न–27 सौर कुकर का चित्र बनाइये। सौर कुकर उपयोग के चार लाभ तथा हानियाँ लिखिए। 5

अथवा

जल विद्युत संयंत्र का नामांकित चित्र बनाइये व इसे समझाइये।

प्रश्न–28 खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा प्रवाह को समझाइये। ऊर्जा पिरामिड सदैव सीधे क्यों बनते हैं ? ऊर्जा पिरामिड का चित्र बनाइए। 5

अथवा

जैव निम्नीकरणीय तथा अजैव निम्नीकरणीय पदार्थों में अन्तर को स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न–29 धातुओं के सामान्य गुणधर्म बताइये। 5

अथवा

ऐसी धातुओं के उदाहरण दीजिए जो कि

(i) कमरे के ताप पर द्रव होती है।

(ii) चाकू से आसानी से काटी जा सकती है।

(iii) ऊष्मा का सबसे अच्छा चालक होती है।

(iv) ऊष्मा की कुचालक होती है।

(v) जो मुक्त अवस्था में पायी जाती है।

प्रश्न–30 समान्तर क्रम संयोजन किसे कहते हैं ? श्रेणी क्रम व समान्तर क्रम संयोजन में कोई तीन अन्तर लिखिए। 5

अथवा

20 ओम प्रतिरोध की कोई विद्युत इस्तरी 5A विद्युत धारा लेती है। 30 सैकण्ड में उत्पन्न ऊष्मा परिकलित कीजिए।

## प्रश्न बैंक

### विषय – विज्ञान

**अध्याय–1 धातु तथा अधातु**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 कौन सी धातु आसानी से संक्षारित नहीं होती है?

प्रश्न–2 ऑक्सीजन के साथ संयुक्त होकर आधातुएँ कैसा ऑक्साइड बनाती है?

प्रश्न–3 मुक्त अवस्था में पाई जाने वाली धातु का नाम बताइये?

प्रश्न–4 विद्युत तारों की वेल्डिग के लिए कौन सी धातु प्रयुक्त की जाती है?

प्रश्न–5 सबसे मुलायम धातु का नाम बताइये।

प्रश्न–6 पृथ्वी तल पर सर्वाधिक मात्रा में पाये जाने वाले तत्व का नाम बताइये?

प्रश्न–7 सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ कौन सा होता है?

प्रश्न–8 ऐसी कौन सी धातुएँ है जो हथेली पर रखने पर पिघलने लगती हैं?

प्रश्न–9 सिल्वर ब्रोमाइड का क्या उपयोग है?

प्रश्न–10 विद्युत की सुचालक अधातु का नाम बताइये?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 लोहे को जंग से बचाने के दो उपाय बताइये।

प्रश्न–12 तीन धातुओं के नाम बताइये जिनसे सिक्के बनाए जाते है।

प्रश्न–13 धातुओं के तीन गुण लिखो।

प्रश्न–14 जंग (RUST) क्या होती है?

प्रश्न–15 अम्लराज (ऐक्वारेजिया) का संगठन क्या होता है?

प्रश्न–16 अमलगम किसे कहते हैं?

प्रश्न–17 निम्न अयस्कों के सूत्र लिखिए–

(1) हेमेटाइट

(2) कॉपर पाइराइट

प्रश्न–18 अयस्क के सांद्रण की चार विधियों के नाम बताइये?

प्रश्न–19 स्कूल की घंटी धातुओं से क्यों बनाते है?

प्रश्न–20 अयस्क का सांद्रण क्या होता है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 कॉपर के तीन उपयोग लिखिए?

प्रश्न–22 दो धातुओं के नाम बताइये जो तनु अम्ल से हाइड्रोजन को विस्थापित करती है तथा दो धातुएँ जो ऐसा नहीं कर सकती है।

प्रश्न–23 किसी धातु के विद्युत अपघटनी परिष्करण में आप ऐनोड, कैथोड एवं विद्युत अपघट्य किसे बनाएगे।

प्रश्न–24 आपने तांबे के मलीन बर्तन को नींबू या इमली के रस से साफ करते समय अवश्य देखा होगा। ये खट्टे पदार्थ बर्तन को साफ करने में क्यों प्रभावी है?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–25 आपको एक हथौड़ा, बैटरी, बल्ब, तार दिया गया है –

(अ) इनका उपयोग कर धातुओं एवं अधातुओं के बीच विभेद कैसे करेंगे?

(ब) धातुओं एवं अधातुओं का विभेदन के लिये उन परीक्षणों की उपयोगिता का आकलन कीजिए।

प्रश्न–26 गर्म जल का टैंक बनाने में ताँबे का उपयोग होता है परन्तु इस्पात (लोहे) का नहीं। कारण बताइये।

प्रश्न–27 भर्जन किसे कहते है? उदाहरण सहित समझाइए।

प्रश्न–28 गैल्वेनीकरण से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न–29 आद्यातवर्ध्यता तथा तन्यता में अंतर बताइये?

प्रश्न–30 उभयधर्मी ऑक्साइड क्या होते हैं? दो उभयधर्मी ऑक्साइड के उदाहरण दीजिए।

प्रश्न–31 सोडियम को किरोसीन में डुबोकर क्यों रखा जाता है?

प्रश्न–32 मिश्र धातु क्या होती है?

प्रश्न–33 प्लेटिनम, सोने तथा चाँदी का उपयोग आभूषण बनाने के लिए क्यों किया जाता है। कारण बताइये।

प्रश्न–34 धातु तथा अधातु में अंतर बताइये।

प्रश्न–35 एल्यूमिनियम अत्यन्त क्रियाशील धातु है फिर भी इसका उपयोग खाना बनाने वाले बर्तन के लिए क्यों किया जाता है?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–36 धातुओं के सामान्य गुण धर्म बताइये।

प्रश्न–37 निम्न पदों की परिभाषा लिखो (उदाहरण सहित)

(1) खनिज

(2) अयस्क

(3) गेंग

प्रश्न–38 धातुओं के शोधन में प्रयुक्त विद्युत अपघटनी विधि का चित्र सहित वर्णन कीजिए।

प्रश्न–39 सोने की शुद्धता किसमें मापी जाती है? शुद्ध सोने के आभूषण क्यों नही बनाये जाते है तथा 22 कैरेट सोने की शुद्धता कितने प्रतिशत होती है?

प्रश्न–40 ऐसी धातु का उदाहरण दीजिए जो –

(1) कमरे के ताप पर द्रव होती है।

(2) चाकू से आसानी से काटा जा सकता है।

(3) ऊष्मा की सबसे अच्छी चालक होती है।

(4) ऊष्मा की कुचालक होती है।

(5) जो मुक्त अवस्था में पाई जाती है।

**अध्याय–2 कार्बन एवं उसके यौगिक**

**अति लघुत्तरातमक प्रश्न –**

प्रश्न–1 सी.एन.जी. का पूरा नाम लिखो।

प्रश्न–2 हीरे में कार्बन परमाणु किस प्रकार की संरचना बनाते है?

प्रश्न–3 कार्बन श्रृंखलाएँ कितने प्रकार की होती है?

प्रश्न–4 ईधन का प्रमुख स्त्रोत क्या है?

प्रश्न–5 $CO_2$ सूत्र वाले कार्बन डाइ ऑक्साइड की इलेक्ट्रॉन बिंदु संरचना बताइये।

प्रश्न–6 पदार्थ के जलने पर ज्वाला उत्पन्न क्यों होती है?

प्रश्न–7 कार्बन के मुख्य दो अपररूपो के नाम लिखों।

प्रश्न–8 कार्बन के उस अपररूप का नाम लिखिए जिसमें कार्बन परमाणु फुटबॉल के रूप में व्यवस्थित होते है।

प्रश्न–9 उस पौधे का नाम बताइये जो सूर्य के प्रकाश को रासायनिक उर्जा में बदलने में सर्वाधिक सक्षम होता है।

प्रश्न–10 कार्बन के किस अपररूप में मुक्त इलेक्ट्रॉन पाये जाते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 ऑक्सीकारक क्या है?

प्रश्न–12 आई.यू.पी.ए.सी. (IUPAC) का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न–13 हाइड्रोकार्बन किसे कहते है?

प्रश्न–14 $C_6H_6$ (बैंजीन) वाले चक्रीय यौगिक का नाम तथा संरचना लिखिए।

प्रश्न–15 एथेनॉल के दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न–16 उत्प्रेरक किसे कहते है? एक उदाहरण बताइए।

प्रश्न–17 अपमार्जक के दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न–18 कार्बन के यौगिक विद्युत कुचालक होते हैं। इनका गलंनाक व क्वथनांक कम होता है क्यों?

प्रश्न–19 क्या आप डिटरजेंट का उपयोग कर बता सकते है कि कोई जल कठोर है अथवा नहीं?

प्रश्न–20 यदि आप लिटमस पत्र (लाल एवं नीला) से साबुन की जाँच करे तो आपका प्रेक्षण क्या होगा?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 एल्केन श्रेणी के 6 सदस्यों के नाम व सूत्र लिखिए।

प्रश्न–22 हाइड्रोजनीकरण क्या हैं? इसका औद्योगिक अनुप्रयोग बताइये।

प्रश्न–23 अपररूप किसे कहते है? कार्बन के अपररूपो के नाम लिखिए।

प्रश्न–24 साबुन क्या होते है? साबुन के अणु किस प्रकार की संरचना बनाते है?

प्रश्न–25 एथेनॉल से एथेनॉइक अम्ल में परिवर्तन को ऑक्सीकरण अभिक्रिया क्यों कहते हैं?

प्रश्न–26 एल्केन, एल्कीन तथा एल्काइन किसे कहते है?

प्रश्न–27 समजातीय श्रेणी क्या है? उदाहरण के साथ समझाइये।

प्रश्न–28 खाना बनाते समय बर्तन की तली बाहर से काली हो जाती है कारण बताइये।

प्रश्न–29 मक्खन व खाना बनाने वाले तेल के बीच रासायनिक अन्तर समझाइये व परीक्षण लिखिए।

प्रश्न–30 कार्बन के दो गुणधर्म कौन से है जिनके कारण हमारे चारों ओर कार्बन यौगिकों की विशाल संख्या दिखाई देती हैं?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–31 कार्बन परमाणु की ज्यामिति कैसी होती है? एल्केन श्रेणी का सामान्य सूत्र क्या है तथा इस श्रेणी के प्रथम 6 सदस्यों के नाम, सूत्र व संरचना लिखिए।

प्रश्न–32 सजीव प्राणियों पर ऐल्कोहल का क्या प्रभाव पड़ता है? समझाइए।

प्रश्न–33 साबुन की सफाई प्रक्रिया की क्रियाविधि समझाइये।

प्रश्न–34 कोयले तथा पेट्रोलियम का निर्माण विस्तार से समझाइये।

प्रश्न–35 विभिन्न हाइड्रो कार्बनों को दहन करने पर क्या होगा? उदाहरण सहित समझाइये।

**अध्याय – 3 तत्वों का आवर्त वर्गीकरण**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 अष्टक सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?

प्रश्न–2 आवर्त सारणी में आवारा तत्व किसे कहा गया है?

प्रश्न–3 सर्वप्रथम किस तत्व को उत्प्रेरक के रूप में पहचाना गया?

प्रश्न–4 आधुनिक आवर्त सारणी का आधार क्या है?

प्रश्न–5 आवर्त सारणी के किस ओर धातुएं स्थित हैं?

प्रश्न–6 किसी कोश में इलेक्ट्रानों की अधिकतम संख्या ज्ञात करने का सूत्र लिखो।

प्रश्न–7 समूह प्रथम के तत्वों का नाम क्या है?

प्रश्न–8 आधुनिक आवर्त सारणी में कुल कितने तत्वों में कौनसी धातुएँ है?

प्रश्न–9 आधुनिक आवर्त सारणी में पहले दस तत्वों में कौनसी धातुएँ हैं?

प्रश्न–10 धातुओं में ऑक्साइड की प्रवृति सामान्यतः किस प्रकार की होती है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 प्रथम समूह में किस तत्व का परमाणु सबसे छोटा तथा किस तत्व का परमाणु सबसे बड़ा होता है?

प्रश्न–12 आधुनिक आवर्त नियम क्या है?

प्रश्न–13 तीसरे आवर्त में स्थित तत्वों में धातु कौन से है?

प्रश्न–14 तीसरे आवर्त में बायें से दाँये जाने पर तत्वों के ऑक्साइडों के किस गुण में क्या

परिवर्तन होता है?

प्रश्न–15 धातु विद्युत धनात्मक होते हैं, क्यों?

प्रश्न–16 किसी समूह के कौन से भाग में तत्वों के धात्विक गुण अधिक होगा तथा परमाणु आकार अधिक होगा?

प्रश्न–17 किस तत्व का परमाणु सबसे छोटा तथा किसका सबसे बड़ा होगा?

प्रश्न–18 मैंडलीफ ने अपनी आवर्त सारणी तैयार करने के लिए कौन सा मापदण्ड अपनाया?

प्रश्न–19 आवर्त में तत्वों में इलेक्ट्रॉन त्यागने की प्रवृति कम होती है। क्यों?

प्रश्न–20 समस्थानिक किसे कहते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 आपके मतानुसार उत्कृष्ट गैसों को अलग समूह में क्यों रखा गया?

प्रश्न–22 आधुनिक आवर्त सारणी तत्वों के किन किन गुणों को प्रदर्शित करती है? लिखिए।

प्रश्न–23 न्यूलैण्ड के अष्टक सिद्धान्त की क्या सीमाएँ है?

प्रश्न–24 उत्कृष्ट गैसों के नाम व प्रतीक चिन्ह लिखिए।

प्रश्न–25 संयोजकता किसे कहते हैं? दो उदाहरण भी लिखो।

प्रश्न–26 डोबेराइन के वर्गीकरण की क्या सीमाएँ है?

प्रश्न–27 समूह प्रथम के तीन तत्वों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए।

प्रश्न–28 आवर्त में बायें ओर से दायें ओर जाने पर संयोजकता किस प्रकार परिवर्तित होगी?

प्रश्न–29 प्रथम समूह में उपस्थित तत्वों के नाम प्रतीक चिन्ह एवं संयोजकता लिखिए।

प्रश्न–30 निम्नलिखित गुण आवर्त तथा वर्ग में किस प्रकार परिवर्तित होते है –

(1) वैद्युत ऋणात्मकता

(2) संयोजकता

(3) परमाणु आकार

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–31 आधुनिक आवर्त सारणी द्वारा किस से मैडलीफ की आवर्त सारणी की विविध विसंगतियों को दूर किया गया?

प्रश्न–32 तत्वों के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास का आधुनिक आवर्त सारणी में तत्व की स्थिति से क्या संबंध है?

प्रश्न–33 परमाणु आकार किसे कहते हैं? आवर्त तथा वर्ग में इसमें किस प्रकार परिवर्तन होता है तथा क्यों?

प्रश्न–34 डोबेराइनर के त्रिक क्या है? उदाहरण सहित बताइए?

प्रश्न–35 तत्वों के नाम लिखो –

(1) तीन तत्व जिनके अंतिम कोश में एक इलेक्ट्रॉन होता है।

(2) दो तत्व जिनके अंतिम कोश में दो इलेक्ट्रॉन होते है।

(3) तीन तत्व जिनका अंतिम कोश भरा होता है।

**अध्याय–4 आनुवंशिकता एवं जैव विकास**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 आनुवंशिकी का जन्मदाता किसे कहा जा सकता है?

प्रश्न–2 मानव शुक्राणु में पाए जाने वाले लिंग गुणसूत्र का नाम लिखिए।

प्रश्न–3 मटर का वानस्पतिक नाम क्या है?

प्रश्न–4 आनुवंशिक लक्षणों के वाहक का नाम लिखिए।

प्रश्न–5 द्विसंकरण प्रयोग में प्राप्त लक्षण प्ररूपी अनुपात क्या होता है?

प्रश्न–6 ब्रिटिश वैज्ञानिक जे.बी.एस. हाल्डेन के अनुसार जीवों की सर्वप्रथम उत्पत्ति किससे हुई?

प्रश्न–7 डायनासोर का कपाल जीवाश्म कहाँ पाया गया था?

प्रश्न–8 स्त्रियों में पाए जाने वाले लिंग गुणसुत्र के नाम लिखिए।

प्रश्न–9 ऐसी कोशिका का उदाहरण लिखों, जिसमें केन्द्रक नहीं होता?

प्रश्न–10 ऐसे प्राणी का नाम लिखिए जिसमें लिंग निर्धारण आनुवंशिक नहीं है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 प्रभावी तथा अप्रभावी लक्षण से आप क्या समझते है?

प्रश्न–12 जीवाश्म किन्हें कहते है?

प्रश्न–13 जीवाश्म कितने पुराने है इसका आकलन करने के घटक लिखिए?

प्रश्न–14 वे कौन से विभिन्न तरीके है जिनके द्वारा एक विशेष लक्षण वाले व्यष्टि जीवों की संख्या समष्टि में बढ सकती है?

प्रश्न–15 वंशागति किसे कहते है?

प्रश्न–16 डार्विन को किस बात की जानकारी नहीं थी?

प्रश्न–17 डार्विन द्वारा किया गया शोध किस विषय पर था?

प्रश्न–18 अभिलक्षण से क्या तात्पर्य है? एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न–19 जीन को परिभाषित कीजिये?

प्रश्न–20 आनुवंशिक लक्षणों के वाहक का नाम लिखिए। ये कहाँ स्थित होते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 समजात अंग व समरूप अंग में उदाहरण देते हुए अन्तर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–22 समयुग्मजी व विषमयुग्मजी को उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

प्रश्न–23 जैव विकास से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न–24 वे कौन से कारक है जो नई स्पीशीज के उद्‌भव में सहायक है।

प्रश्न–25 क्या एक तितली और चमगादड़ के पंखों को समजात अंग कहा जा सकता है? क्यों अथवा क्यों नहीं?

प्रश्न–26 एक विषमयुग्मजी लम्बे पादप का क्रॉस एक समयुग्मजी बौने पादप से करवाया गया। इस क्रॉस के पश्चात् बौने पादप की सन्तति का कितना भाग होगा? समझाइए।

प्रश्न–27 फॉसिल डेटिंग पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–28 क्या कारण है कि आकृति, आकार, रंगरूप में इतने भिन्न दिखाई पड़ने वाले मानव एक ही स्पीशीज के सदस्य हैं।

प्रश्न–29 उपार्जित लक्षण से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देकर समझाइये।

प्रश्न–30 विभिन्नताओं से क्या तात्पर्य है?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–31 मानव में बच्चे का लिंग निर्धारण किस बात पर निर्भर करता है? रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट करों।

प्रश्न–32 क्या भौगोलिक पृथक्करण स्वपरागित स्पीशीज के पौधों के जाति–उद्‌भव का प्रमुख कारण हो सकता है? क्यों या क्यों नहीं?

प्रश्न–33 जीवाश्म क्या है? वे जैव विकास प्रक्रम के विषय में क्या दर्शाते हैं?

प्रश्न–34 एकल जीव द्वारा उपार्जित लक्षण सामान्यतः अगली पीढ़ी में वंशानुगत नहीं होते क्यों?

प्रश्न–35 क्या भौगोलिक पृथक्करण अलैंगिक जनन वाले जीवों के जाति उद्‌भव का प्रमुख कारक हो सकता है? क्यों अथवा क्यों नहीं?

**अध्याय–5 विद्युत**

**अति लधुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 इलेक्ट्रॉन पर आवेश का मान लिखिए।

प्रश्न–2 अमीटर का प्रतिरोध कितना होता है?

प्रश्न–3 अमीटर को विद्युत परिपथ में कौन से क्रम में लगाया जाता है?

प्रश्न–4 यदि किसी चालक की किसी भी अनुप्रस्थ काट से समय 't' में आवेश 'Q' प्रवाहित होता है तब इस अनुप्रस्थ काट से प्रवाहित धारा 'I' को किस प्रकार व्यक्त करते है?

प्रश्न–5 विद्युत आवेश का SI मात्रक क्या होता है?

प्रश्न–6 विभवांतर की माप जिस यंत्र द्वारा की जाती है, उसका नाम लिखिए।

प्रश्न–7 फ्यूज बनाने के लिए किस धातु का प्रयोग किया जाता है?

प्रश्न–8 प्रतिरोध का SI मात्रक लिखिए।

प्रश्न–9 किस संयोजन में तुल्य प्रतिरोध का मान अधिकतम होता है?

प्रश्न–10 विद्युत धारा का मात्रक लिखिए। इसे किस अक्षर से प्रदर्शित करते है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 विद्युत धारा किसे कहते है?

प्रश्न–12 विद्युत परिपथ किसे कहते है?

प्रश्न–13 विभवांतर किसे कहते है?

प्रश्न–14 चालक का प्रतिरोध किन–किन राशियों पर निर्भर करता है?

प्रश्न–15 ओम के नियम में V-I में खींचा गया ग्राफ किस तरह का होता है?

प्रश्न–16 6V बैटरी से गुजरने वाले एक कूलॉम आवेश को कितनी ऊर्जा दी जाती है?

प्रश्न–17 किसी विद्युत परिपथ का व्यवस्था आरेख खींचिए जिसमें 2V के तीन सेलों की बैटरी, एक 5 ओम प्रतिरोधक, एक 8 ओम प्रतिरोध, एक 12 ओम प्रतिरोधक तथा एक प्लग कुंजी सभी श्रेणी क्रम में संयोजित हों।

प्रश्न–18 कोई विद्युत बल्ब 220V के जनित्र से संयोजित है। यदि बल्ब से 0.50A विद्युत धारा प्रवाहित होती है तो बल्ब की शक्ति क्या है?

प्रश्न–19 विद्युत धारा द्वारा प्रदत्त ऊर्जा की दर का निर्धारण कैसे किया जाता है?

प्रश्न–20 श्रेणी क्रम में संयोजित करने के स्थान पर विद्युत युक्तियों को पार्श्वक्रम में संयोजित करने का कोई एक लाभ लिखिए?

**लधुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 ओम का नियम लिखिए।

प्रश्न–22 यह कहने का क्या तात्पर्य है कि दो बिन्दुओं के बीच विभवांतर 1 वोल्ट है?

प्रश्न–23 किसी विद्युत हीटर की डोरी क्यों उतप्त नहीं होती जबकि उसका तापन अवयव उतप्त हो जाता है?

प्रश्न–24 किसी तार का प्रतिरोध उसकी अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल में परिवर्तन के साथ किस प्रकार परिवर्तन होता है?

प्रश्न–25 विद्युत संचारण के लिए प्रायः कॉपर तथा ऐल्यूमिनियम के तारों का उपयोग क्यों किया जाता है?

प्रश्न–26 4 ओम, 8 ओम, 12 ओम तथा 24 ओम प्रतिरोध की चार कुंडलियों के किस प्रकार संयोजित करें, कि संयोजन से अधिकतम प्रतिरोध प्राप्त हो सकें।

प्रश्न–27 12V विभवांतर के दो बिन्दुओं के बीच 2C आवेश को ले जाने में कितना कार्य किया जाता है?

प्रश्न–28 400W अनुमत का कोई विद्युत रेफ्रिजरेटर 8 घंटे/दिन चलाया जाता है। 3.00 रूपये प्रति Kwh की दर से इसे 30 दिन तक चलाने के लिए ऊर्जा का मूल्य क्या होगा?

प्रश्न–29 अमीटर व वोल्टमीटर में कोई तीन अन्तर लिखिए।

प्रश्न–30 एक कूलॉम आवेश की रचना करने वाले इलेक्ट्रानों की संख्या की गणना कीजिए।

प्रश्न–31 20 ओम प्रतिरोध की कोई विद्युत इस्तरी 5A विद्युत धारा लेती है। 30 सैकण्ड में उत्पन्न ऊष्मा परिकलित कीजिए?

प्रश्न–32 10V किसी बैटरी को 0.2 ओम, 0.3 ओम, 0.4 ओम, 0.5 ओम, के प्रतिरोधकों के साथ श्रेणी क्रम से संयोजित किया गया है। 8.6 ओम के प्रतिरोध से कितनी विद्युत धारा प्रवाहित होगी?

प्रश्न–33 यदि किसी परिपथ में प्रतिरोध का मान घटाना हो तो हमें क्या करना चाहिए? विद्युत टोस्टरों व विद्युत इस्तरियों के तापन अवयव शुद्ध धातु के न बनाकर किसी मिश्र धातु के क्यों बनाए जाते है?

प्रश्न–34 समान्तर संयोजन किसे कहते हैं? श्रेणी क्रम व समान्तर क्रम में संयोजन में कोई तीन अन्तर लिखिए?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–35 किसी अज्ञात प्रतिरोध के प्रतिरोधक के सिरो से 12V की बैटरी संयोजित करने पर परिपथ से 2.5 mA विद्युत धारा प्रवाहित होती है। प्रतिरोधक का प्रतिरोध ज्ञात कीजिये।

प्रश्न–36 176 W प्रतिरोध के कितने प्रतिरोधक की पार्श्वक्रम (समान्तर) में संयोजित करे की 220V विद्युत स्त्रोत के संयोजन से 5A विद्युत धारा प्रवाहित हो।

प्रश्न–37 220 Volt की विद्युत लाइन पर उपयोग किये जाने वाली बहुत से बल्बों का अनुमतांक 10 W है। यदि 220V लाइन से अनुमत अधिकतम विद्युत धारा 5A है तो इस लाइन के दो तारों के बीच कितने बल्ब पार्श्व (समान्तर) क्रम संयुक्त किये जा सकेगे।

प्रश्न–38 दो विद्युत लैम्प जिनमें से एक का अनुमतांक 100V/220V तथा दूसरे का 60W/220V है। विद्युत मेंस के साथ पार्श्व क्रम में संयोजित है यदि विद्युत आपूर्ति की वोल्टता 220V है तो विद्युत मेंस से कितनी धारा ली जाती है?

प्रश्न–39 किस मे अधिक विद्युत ऊर्जा उपमुक्त होती है? 250W का टी.वी. सेट जो एक घंटे

तक चलता है तथा 120W का विद्युत हीटर जो 10 मिनट चलाया जाता है।

प्रश्न–40 8 ओम प्रतिरोध का कोई विद्युत हीटर विद्युत मेंस से 2 घंटे तक 15A विद्युत धारा लेता है हीटर में उत्पन्न ऊष्मा की दर ज्ञात कीजिए।

**अध्याय–6 विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 विद्युत धारा उत्पन्न करने की युक्ति को क्या कहते है?

प्रश्न–2 लघुपतन के समय परिपथ में विद्युत धारा का मान कैसा होता है?

प्रश्न–3 जब किसी चालक तार से धारा प्रवाहित की जाती है तो उसके चारों ओर उत्पन्न क्षेत्र को क्या कहते हैं?

प्रश्न–4 विद्युत व चुम्बकत्व के मध्य सम्बन्ध की खोज किसने की?

प्रश्न–5 एक लम्बी परिनालिका में जिसमें धारा प्रवाहित हो रही उसके अन्दर चुम्बकीय क्षेत्र कैसे होगा?

प्रश्न–6 भारत में घरेलू प्रत्यावर्ती धारा (AC) की आवृत्ति कितनी है?

प्रश्न–7 चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ कहाँ पर अधिक संख्या में होती है?

प्रश्न–8 विद्युत चुम्बक में क्रोड सामान्यता किसका बना होता है?

प्रश्न–9 घरेलू विद्युत पथ में विद्युन्मय तार व उदासीन तार के मध्य कितना विभवांतर होता है?

प्रश्न–10 वह तार जिस पर प्रायः लाल विद्युतरोधी आवरण होता है उसे क्या कहते है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा क्या होती है?

प्रश्न–12 धारावाही कुण्डली एवं प्रेरित धारा कुण्डली का क्या नाम है?

प्रश्न–13 फ्यूज तार का अनुमतांक (Rating) 15 है। इस कथन का क्या अर्थ है?

प्रश्न–14 विद्युत मोटर व विद्युत जनित्र में अन्तर लिखिए?

प्रश्न–15 चुम्बकीय क्षेत्र में रखे चालक में प्रवाहित धारा की दिशा को विपरीत दिशा मे प्रवाहित करने पर क्या होता है?

प्रश्न–16 किसी विद्युत धारावाही सीधे चालक के चारों ओर उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र में दिशा को निर्धारित करने वाला नियम लिखिए?

प्रश्न–17 ऐसी कुछ युक्तियों के नाम लिखिए जिनमें विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है।

प्रश्न–18 विद्युत परिपथों व साधित्रों में सामान्यतः उपयोग होने वाले दो सुरक्षा उपायों के नाम लिखिए।

प्रश्न–19 दिष्ट धारा के कुछ स्त्रोतों के नाम लिखिए?

प्रश्न–20 प्रत्यावर्ती विधुत धारा उत्पन्न करने वाले स्त्रोतों के नाम लिखिए?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA-II) -

प्रश्न–21 परिनालिका किसे कहते है? किसी छड़ चुम्बक के चारों ओर चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ खीचिए।

प्रश्न–22 जब किसी धारावाही चालक को चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाता है तो क्या होता है? किसी दिए गए क्षेत्र में चुम्बकीय क्षेत्र एक समान दर्शाने के लिए आरेख खीचिए।

प्रश्न–23 घरेलू विद्युत परिपथों में अतिभारण से बचाव के लिए क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

प्रश्न–24 किसी कुंडली में विद्युत धारा प्रेरित करने के लिए कोई दो तरीके लिखिए।

प्रश्न–25 किसी AC जनित्र तथा DC जनित्र में एक मूलभूत अंतर क्या है?

प्रश्न–26 चुम्बकीय क्षेत्र को उत्पन्न करने के तीन तरीकों की सूची बनाइए?

प्रश्न–27 कोई विद्युत रोधी ताँबे के तार की कुंडली किसी गैल्वेनोमीटर से संयोजित है। क्या होगा, यदि कोई छड़ चुम्बक –

(i) कुंडली में धकेला जाता है।

(ii) कुंडली के भीतर स्थिर रखा जाता है।

प्रश्न–28 किसी विद्युत परिपथ में लघुपथन कब होता है?

प्रश्न–29 विद्युत चुम्बकीय प्रेरण किसे कहते है?

प्रश्न–30 कॉलम 'A' को कॉलम 'B' से सुमेलित कीजिए।

| A | B |
|---|---|
| 1. फ्यूज | (a) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना। |
| 2. विद्युत मोटर | (b) वामहस्त का नियम |
| 3. विद्युत जनित्र | (c) सुरक्षा उपकरण |
| 4. बैटरी चार्जर | (d) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना। |
| 5. फ्लेमिंग | (e) दिष्ट धारा |

**निबन्धात्मक प्रश्न** –

प्रश्न–31 विद्युत मोटर व विद्युत जनित्र का कार्य लिखिए। दिष्ट धारा व प्रत्यावर्ती धारा में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न–32 विद्युत जनित्र का सिद्धान्त लिखिए। विद्युत जनित्र की बनावट का नामांकित चित्र बनाइये। प्रत्यावर्ती धारा जनित्र के विभिन्न भागों के नाम व कार्य लिखिए।

प्रश्न–33 विद्युत मोटर का नामांकित आरेख खीचिए व इसका सिद्धान्त लिखिए। विद्युत चुम्बक की शक्ति किस पर निर्भर करती है?

प्रश्न–34 मैक्सवेल का दक्षिण –हस्त नियम लिखिए।

प्रश्न–35 अतिभारण से आप क्या समझते है?

भूसंपर्क तार का क्या कार्य होता है? धातु के आवरण वाले विद्युत साधित्रों को भूसंपर्कित करना क्यों आवश्यक है?

प्रश्न–36 दो वृत्ताकार कुंडली A तथा B एक दूसरे के निकट स्थित है यदि कुंडली A में विद्युत धारा में कोई परिवर्तन करें तो क्या कुंडली B में कोई विद्युत धारा प्रेरित होगी।

**अध्याय–7 ऊर्जा के स्त्रोत**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 कौन सा देश पवनों का देश कहलाता है?

प्रश्न–2 1 MW(मेगावाट) के जनित्र के लिए पवन फार्म को लगभग कितनी जमीन चाहिए?

प्रश्न–3 नवीकरणीय ऊर्जा के दो स्त्रोत लिखिए।

प्रश्न–4 अनवीकरणीय ऊर्जा के दो स्त्रोत लिखिए।

प्रश्न–5 बायो गैस संयत्र में उपयोग कर्दम किस का घोल होता है?

प्रश्न–6 सौर सैल सौर ऊर्जा को किस ऊर्जा में रूपान्तरित करते है?

प्रश्न–7 शारीरिक कार्यो को करने के लिए कौन सी ऊर्जा काम आती है?

प्रश्न–8 बायो गैस में कितने प्रतिशत तक मेथेन होती है?

प्रश्न–9 नाभिकीय विखण्डन तथा नाभिकीय संलयन में कौन अधिक ऊर्जा ताप उत्पन्न करती है?

प्रश्न–10 कौन सी युक्ति द्वारा पवन ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है?

प्रश्न–11 हाइड्रोजन बम किस अभिक्रिया पर आधारित है?

प्रश्न–12 महासागर से प्राप्त एक ऊर्जा का नाम लिखिए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–13 पवन चक्की से विद्युत उत्पादन के लिए पवन वेग कितना होना चाहिए, और क्यों?

प्रश्न–14 पवन ऊर्जा किसे कहते है?

प्रश्न–15 उत्तम ईधन किसे कहते है?

प्रश्न–16 जीवाश्मी ईधन किसे कहते है?

प्रश्न–17 भूतापीय ऊर्जा किसे कहते है?

प्रश्न–18 सौर पैनल किसे कहते है?

प्रश्न–19 बायो गैस के दो लाभ लिखिए।

प्रश्न–20 सौर ऊर्जा को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न–21 सौर कुकर के लिए कौन सा दर्पण अधिक उपयुक्त है, और क्यों?

प्रश्न–22 ताप नाभिकीय अभिक्रिया क्या है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–23 उत्तम ईधन के 3 लक्षण लिखिए।

प्रश्न–24 जीवाश्मी ईधन की 3 हानियाँ लिखिए।

प्रश्न–25 नाभिकीय ऊर्जा के समीकरण को लिखिए और समझाइये।

प्रश्न–26 अलबर्ट आइंस्टीन के समीकरण को लिखिए और समझाइये।

प्रश्न–27 कोयला जलाने में क्या हानियाँ है?

प्रश्न–28 हम ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों की ओर ध्यान दे रहे है, क्यों?

प्रश्न–29 ऊर्जा की खपत कम करने के उपाय बताइये।

प्रश्न–30 ऊर्जा स्त्रोत के रूप में जीवाश्मी ईधन तथा सूर्य में अन्तर लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–31 बायो गैस क्या है? इसके संयंत्र का नामांकित चित्र बनाइये। इसकी रचना व उपयोग लिखिए।

प्रश्न–32 पवन चक्की क्या है? पवन चक्की का चित्र बनाइये। इसकी रचना व उपयोग लिखिए।

प्रश्न–33 सौर कुकर का चित्र बनाइये। सौर कुकर उपयोग के चार–लाभ तथा हानियाँ लिखिए।

प्रश्न–34 ताप विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया के मॉडल का चित्र बनाइये तथा इसे समझाइये।

प्रश्न–35 जल वैद्युत संयंत्र का नामांकित चित्र बनाइये और इसे समझाइये।

**अध्याय–8 हमारा पर्यावरण**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 मृत जैव अवशेषों का अपमार्जन करने वाले क्या कहलाते है?

प्रश्न–2 ओजोन के अणु ऑक्सीजन के कितने परमाणु से बनते है?

प्रश्न–3 क्लोरो फ्लोरो कार्बन का सूत्र लिखिए।

प्रश्न–4 किस सन् से वायु मण्डल में ओजोन की मात्रा में तीव्रता से गिरावट आने लगी?

प्रश्न–5 वे पदार्थ जो जैविक प्रक्रम द्वारा अपघटित हो जाते हैं, क्या कहलाते हैं?

प्रश्न–6 किस गैस को घातक विष कहा गया है?

प्रश्न–7 मानव निर्मित पारितंत्र के दो उदाहरण लिखिए।

प्रश्न–8 ओजोन परत किन हानिकारक किरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है?

प्रश्न–9 अग्निशमन व शीतलन में काम आने वाले रसायन का नाम लिखिए।

प्रश्न–10 पोषण के आधार पर कीट कैसे जीव हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I) -**

प्रश्न–11 अजैव निम्नीकरणीय किसे कहते हैं?

प्रश्न–12 जीवन निर्वाह के आधार पर जीवों को कितने भागों में बाँटा गया है? नाम लिखिए।

प्रश्न–13 उपभोक्ता को मुख्यतः कितने भागों में बॉटा गया है? नाम लिखिए।

प्रश्न–14 खाद्य श्रृंखला तीन चार चरणों की क्यों होती है?

प्रश्न–15 जैव निम्नीकरणीय किसे कहते है?

प्रश्न–16 पारिस्थितिक स्तूप किसे कहते है?

प्रश्न–17 पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते है?

प्रश्न–18 क्या कारण है कि खाद्य श्रृंखला तीन चार चरणों की होती है?

प्रश्न–19 क्या कारण है कि कोई परितंत्र $CO_2$ के अभाव में चलता नहीं रह सकता?

प्रश्न–20 निम्न को पर्यावरण के जैविक तथा अजैविक घटकों में वर्गीकृत कीजिए–

नीम, मृदा, भैंस, वायु, सूक्ष्म जीव, प्रकाश

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II) -**

प्रश्न–21 पोषी स्तर क्या है? एक आहार श्रृंखला का उदाहरण दीजिए तथा इसमें विभिन्न पोषी स्तर बताइये।

प्रश्न–22 ऐसे दो तरीके सुझाइये जिसमें जैव निम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण को प्रभावित करते हैं।

प्रश्न–23 ऐसे दो तरीके बताइये जिसमें अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ पर्यावरण को प्रभावित करते है।

प्रश्न–24 खाद्य श्रृंखला में निचले स्तर से ऊपर के स्तर को ऊर्जा में 10 प्रतिशत ही मिलता है, क्यों?

प्रश्न–25 ओजोन परत की क्षति से होने वाले खतरों को लिखिए?

प्रश्न–26 कचरा निपटाने की समस्या को कम करने के तीन उपाय बताइये।

प्रश्न–27 क्या होगा यदि एक पोषी स्तर के सभी जीवों को नष्ट कर दे?

प्रश्न–28 उत्पादक तथा अपमार्जक में तीन अन्तर लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–29 हमारे द्वारा उत्पादित अजैव निम्नीकरणीय कचरे से कौन सी समस्याएँ उत्पन्न होती है?

प्रश्न–30 ओजोन परत की क्षति हमारे लिये चिन्ता का विषय क्यों है?

प्रश्न–31 जैव निम्नीकरणीय तथा अजैव निम्नीकरणीय पदार्थो में अन्तर को स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न–32 खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा प्रवाह को समझाइये। ऊर्जा पिरामिड सदैव सीधे क्यों बनते हैं? ऊर्जा पिरामिड का चित्र बनाइये।

प्रश्न–33 पारितंत्र को परिभाषित कीजिए, किन्ही तीन प्राकृतिक पारितंत्र का वर्णन कीजिए।

**अध्याय–9 प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन**

**अति लधुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 गंगा गंगोत्री से गंगासागर तक की कितनी यात्रा तय करती है?

प्रश्न–2 चिपको आन्दोलन की शुरूआत कहाँ से हुई?

प्रश्न–3 1731 में जोधपुर के खेजड़ली गांव में वृक्षों को बचाने के लिए कितने लोगों ने बलिदान दिया था?

प्रश्न–4 किन्हीं दो वन उत्पादकों के नाम लिखिए।

प्रश्न–5 टिहरी बांध किस नदी पर बना है?

प्रश्न–6 पैट्रोलियम के pH संसाधन लगभग अगले कितने वर्षो तक उपलब्ध रह सकते हैं?

प्रश्न–7 जल का किसकी सहायता से मापा जाता है?

प्रश्न–8 कोयले का संघटन बताइये।

प्रश्न–9 जीवाश्म ईधन के दो उदाहरण बताइये।

प्रश्न–10 बीड़ी बनाने में किस पत्ते का उपयोग होता है?

प्रश्न–11 संसाधन किसे कहते हैं?

प्रश्न–12 सामाजिक वानिकी किसे कहते हैं?

प्रश्न–13 कोयला एवं पेट्रोलियम को जलाने पर उत्पन्न गैसों के नाम लिखिए।

प्रश्न–14 बड़े बाँधों के विरोध की तीन समस्याओं के नाम लिखिए।

प्रश्न–15 जीवाश्म ईधन किसके संघटक से प्राप्त होता है?

प्रश्न–16 पुनः उपयोग, पुन चक्रण से अच्छा तरीका है, क्यों?

प्रश्न–17 सार्व सूचक क्या है? यह किस काम आता है?

प्रश्न–18 गंगा सफाई योजना कब और क्यों प्रारम्भ की गई?

प्रश्न–19 बड़े बाँधों में जल संग्रहण के दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न–20 वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह क्या है? इसे क्यों मनाते है?

प्रश्न–21 क्या आपके विचार से संसाधनों का समान वितरण होना चाहिए? क्यों?

प्रश्न–22 प्राकृतिक उत्पादों की खपत कम करने के लिए आप क्या कर सकते है?

प्रश्न–23 गंगा प्रदूषण पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–24 'हरित गृह' प्रभाव क्या होता है?

प्रश्न–25 भौम जल के तीन लाभ लिखिए।

प्रश्न–26 सिंचाई प्रणाली कुल्ह का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न–27 वन संरक्षण के चार उपाय लिखिए।

प्रश्न–28 अमृता देवी विश्नोई कौन थीं? उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके नाम से राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

प्रश्न–29 पर्यावरण बचाने के लिए तीन प्रकारों के बारे मे आप क्या जानते है? वर्णन कीजिए।

प्रश्न–30 बड़े बाँधों के विरोध की कौन–कौन सी समस्याएँ है? उल्लेख कीजिए। किन्हीं दो बाँधों के नाम लिखिए।

प्रश्न–31 चिपको आन्दोलन का प्रमुख कारण क्या था तथा आन्दोलनकारियों ने क्या कार्यवाही की?

प्रश्न–32 इंदिरा गाँधी नहर के जल प्रबन्धन में क्या कमियाँ रही? समझाइये। बड़े बाँधों के दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न–33 वन्य जीवन प्राणियों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? वन्य प्राणियों के संरक्षण के उपाय बताइये।

प्रश्न–34 पर्यावरण मित्र बनने के लिए आप अपनी आदतों में कौन–कौन से परिवर्तन करेगें?

प्रश्न–35 संसाधनों के दोहन के लिए कम अवबोध के उद्देश्य की परियोजना के क्या लाभ हो सकते है?

## प्रश्न बैंक के अतिरिक्त प्रश्न

## विषय – विज्ञान

समय : 4:15 पूर्णांक 80

## अध्याय–1 धातु तथा अधातु

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 घातुएँ तनु अम्लों से क्रिया करके क्या बनाती हैं ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA- I)**

प्रश्न–2 आयनिक यौगिक ठोस अवस्था में विद्युत का चालन नहीं करते, क्यों ?

प्रश्न–3 उत्कृष्ट गैसों की क्रियाशीलता बहुत कम होती है, क्यों ?

प्रश्न–4 खाद्य पदार्थों के डिब्बों पर जिंक की बजाय टिन का लेप किया जाता है क्यों?

प्रश्न–5 लोहे को शुद्ध अवस्था में उपयोग नहीं किया जाता है, क्यों?

प्रश्न–6 अयस्कों का सांद्रण क्यों किया जाता है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA- II)**

प्रश्न–7 सक्रियता श्रेणी किसे कहते है ?

प्रश्न–8 कैल्सियम का प्रतीक, परमाणु क्रमांक व इलैक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए ?

प्रश्न–9 आयनिक यौगिकों का गलंनाक उच्च क्यों होता है ?

प्रश्न–10 खुली हवा में कुछ दिन रखने पर चाँदी की धातुएँ काली हो जाती हैं, क्यों ?

## अध्याय–2 कार्बन एवं उसके यौगिक

अति लघुत्तरात्मक – NIL

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA- I)**

प्रश्न–1 मेथेन ($CH_4$) की इलैक्ट्रॉन बिन्दु संरचना बनाइये ?

प्रश्न–2 मेथेन का एक उपयोग लिखिए ?

प्रश्न–3 भोजन को पकाने के लिए किन तेलों का उपयोग करना चाहिए ?

प्रश्न–4 ऐल्कोहल कौन से यौगिक को कहा जाता है, बताइये ?

प्रश्न–5 विकृत एल्कोहल किसे कहा जाता है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA- II)**

प्रश्न–6 सहसंयोजी आबंध किसे कहते है ?

प्रश्न–7 कार्बन को चतुः संयोजकता क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न–8 ईंधन के रूप में एल्कोहल का उपयोग बताइये।

प्रश्न–9 सलफ्यूरिक अम्ल को रसायनिक यौगिकों का राजा क्यों कहा जाता है।

प्रश्न–10 साबुन और अपमार्जक में अंतर लिखिए ?

## अध्याय – 3 तत्वों का आवर्त वर्गीकरण

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA- I)

प्रश्न–1 उपधातुओं (अर्द्ध धातु) में किस प्रकार के गुण पाये जाते हैं ?

प्रश्न–2 तत्वों के रासायनिक गुण किस पर निर्भर करते हैं ?

प्रश्न–3 न्यूलैण्ड्स की कल्पना के अनुसार प्रकृति में कुल तत्वों की संख्या कितनी थी ?

प्रश्न–4 आवर्त सारणी में अधातुओं की स्थिति बताईये ?

प्रश्न–5 समूह में इलैक्ट्रॉन त्यागने की प्रवृत्ति किस प्रकार बदलती है ?

प्रश्न–6 आवर्त सारणी में आवर्त तथा समूह किन्हें कहा जाता है ?

प्रश्न–7 परमाणु क्रमांक में परिवर्तन से परमाणु की संरचना किस प्रकार बदलती है ?

प्रश्न–8 परमाणु क्रमांक 17 वाले तत्व की संयोजकता कितनी है तथा यह किस प्रकार ज्ञात की जाती है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA-II)

प्रश्न–9 आवर्त सारणी में फ्लूओरीन के स्तम्भ के सभी तत्वों के कौन से गुणधर्म समान है ?

प्रश्न–10 ब्रोमीन और आयोडीन को एक ही समूह में क्यों रखा गया है ?

## अध्याय–4 आनुवांशिकता एवं जैव विकास

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA-I)

प्रश्न–1 प्राकृतिक वरण का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया ?

प्रश्न–2 फूल गोभी किस प्रकार के पुष्पों से विकसित हुई है ?

प्रश्न–3 संकरण तथा संकर में अंतर लिखिए ?

प्रश्न–4 जंगली गोभी से विकसित होने वाली विभिन्न सब्जियों के नाम लिखिए ?

प्रश्न–5 एकल संकर संकरण एवं द्विसंकर संकरण में क्या अंतर है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA-II)

प्रश्न–6 Y गुणसूत्र पर टिप्पणी लिखो ?

प्रश्न–7 पृथक्करण से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न–8 बाघों की संख्या में कमी आनुवंशिकता के दृष्टिकोण से चिंता का विषय क्यों है ?

प्रश्न–9 विकास के आधार पर क्या आप बता सकते हैं कि जीवाणु, मकड़ी, मछली तथा चिम्पैंजी में किसका शारीरिक विकास उत्तम है ?

प्रश्न–10 विभिन्नताओं के कोई चार महत्व लिखिए ?

## अध्याय–5 विद्युत

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 उस युक्ति का नाम लिखिए जो किसी चालक के सिरों पर विभवान्तर बनाए रखने में सहायता करती है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न–2 विद्युत धारा के मात्रक की परिभाषा लिखिए ?

प्रश्न–3 विद्युत परिपथों तथा साधित्रों में सामान्यतः उपयोग होने वाले दो सुरक्षा उपायों के नाम लिखिए।

प्रश्न–4 विद्युत लैंपों के तंतुओं के निर्माण में प्रायः टंगस्टन का ही उपयोग क्यों किया जाता है ?

प्रश्न–5 घरेलू विद्युत परिपथों में श्रेणीक्रम संयोजन का उपयोग क्यों नहीं किया जाता है ?

प्रश्न–6 विद्युत फ्यूज किस प्रकार से परिपथों एवं उपकरणों को सुरक्षा प्रदान करता है ?

प्रश्न–7 किसी परिपथ में लगे अमीटर व वोल्टमीटर किन–किन राशियों का मापन करते हैं ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न–8 एक 100 वॉट के बल्ब का प्रतिदिन 10 घण्टे उपयोग किया जाता है। यदि विद्युत ऊर्जा की दर 4.00 रू. प्रति यूनिट है तो 30 दिन में विद्युत खर्च की गणना कीजिए ?

प्रश्न–9 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

| कॉलम –**A** | कॉलम –**B** |
|---|---|
| 1. विद्युत धारा मापक यंत्र | (A) जूल का तापीय प्रभाव |
| 2. विद्युत विभवान्तर मापक यंत्र | (B) विद्युत ऊर्जा का व्यापारिक मात्रक |
| 3. I R | (c) एमीटर |
| 4. $I^2 RT$ | (D) वोल्टमीटर |
| 5. ओम–मीटर | (E) ओम का नियम |
| 6. यूनिट | (F) प्रतिरोधकता |

प्रश्न–10 दस मीटर लम्बे तार का प्रतिरोध 15 ओम है यदि इसकी लम्बाई 5 मीटर कर दी जाए तो तार का प्रतिरोध (ओम में) कितना होगा ?

## अध्याय –6 विद्युत धारा के चुंबकीय प्रभाव

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 चुम्बकीय फ्लक्स का मात्रक क्या है ?

प्रश्न–2 प्रत्यावर्ती धारा जनित्र के आर्मेचर में प्रेरित विद्युत वाहक बल किस पर निर्भर करता है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न–3 जब एक धारावही कुंडली को दूसरी धारावाही कुंडली के पास लाते हैं तो क्या होता है ?

प्रश्न–4 वह कौनसी कुंडली है, जिसमें चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न–5 DC की अपेक्षा AC के लाभ व हानियां लिखिए ?

प्रश्न–6 चुम्बकीय क्षेत्र किसे कहते हैं ?

प्रश्न–7 विद्युत चुम्बकत्व का उपयोग कहाँ–कहाँ होता है ?

प्रश्न–8 चुम्बक के निकट लाने पर दिक्सूचक की सुई विक्षेपित क्यों हो जाती है ?

प्रश्न–9 चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ परस्पर क्यों नहीं काटती है ?

प्रश्न–10 किसी चुम्बकीय क्षेत्र में स्थित विद्युत धारावाही चालक पर आरोपित बल कब अधिकतम होता है ? समझाइये

## अध्याय–7 ऊर्जा के स्त्रोत

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 नाभिकीय विखण्डन तथा नाभिकीय संलयन क्रिया में विमुक्त ऊर्जा का कारण लिखिए ?

प्रश्न–2 बायो गैस का मुख्य घटक क्या है ?

प्रश्न–3 सूर्य के क्रोड में किस प्रकार की प्रक्रिया होती है ?

प्रश्न–4 सौर सैल बनाने में प्रयुक्त धातु का नाम लिखिए ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न–5 पवन फार्म किसे कहते हैं ?

प्रश्न–6 महासागरों में जल का स्तर किस कारण चढ़ता और गिरता है ?

प्रश्न–7 प्रवाहित जल की ऊर्जा के लाभ बताइए। ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-II)**

प्रश्न–8 नाभिकीय संलयन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखों ?

प्रश्न–9 भू–तापीय ऊर्जा के दो लाभ लिखिए। भू–तापीय ऊर्जा संयंत्र कहाँ पर स्थापित किये गये हैं।

प्रश्न–10 ''पवन–चक्की पर्यावरणीय हितैषी है''। समझाइए ?

## अध्याय–8 हमारा पर्यावरण

अति लघुत्तरात्मक प्रश्न – NIL

**लघुत्तरात्मक प्रश्न (SA-I)**

प्रश्न–1 अपघटकों का क्या कार्य है ?

प्रश्न–2 खाद्य जाल में ऊर्जा का प्रवाह कितनी दिशाओं में होता है ?

प्रश्न–3 ओजोन मण्डल के क्षय के लिए मुख्य उत्तरदायी कौन है ?

प्रश्न–4 ऑक्सीजन से ओजोन किस प्रकार बनती है ?

प्रश्न–5 खाये हुए भोजन की मात्रा का लगभग कितने प्रतिशत भाग जैव मात्रा में बदलता है।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न** (SA-II)

प्रश्न–6 दस प्रतिशत का नियम क्या है ?

प्रश्न–7 पॉलीथीन की थैलियों के उपयोग पर प्रतिबंध आवश्यक क्यों है ?

प्रश्न–8 खाद्य स्तर व खाद्य श्रृंखला किसे कहते हैं।

प्रश्न–9 माना कि किसी पादप को 20,000 जूल ऊर्जा प्राप्त हो रही है अतः नीचे दी गई श्रृंखला में क्रमश : हिरण व शेर को कितनी–कितनी ऊर्जा प्राप्त होगी –

पादप हिरण शेर

प्रश्न–10 कचरा प्रबंधन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो ?

## अध्याय–9 प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न**

प्रश्न–1 मानव शरीर में कोलिफार्म जीवाणु कहाँ पाया जाता है ?

प्रश्न–2 खेजरोली गाँव में ''खेजड़ी वृक्ष'' को बचाने के लिए किस महिला द्वारा बलिदान दिया गया ?

प्रश्न–3 निम्न राज्यों की प्राचीन जल संग्रहण विधि बताइए –

(i) राजस्थान (ii) महाराष्ट्र (iii) जम्मू कश्मीर (iv) कर्नाटक

प्रश्न–4 IUCN का पूरा नाम लिखिए ?

प्रश्न–5 हरित गृह प्रभाव के मुख्य्य कारण क्या हैं ?

प्रश्न–6 वर्षा जल का प्रबंधन कैसे करना चाहिए ?

प्रश्न–7 ''वन मानव के लिए संपदा है '' – स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न–8 स्टेक होल्डर (दावेदार) से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न–9 अकेले व्यक्ति के रूप में आप निम्न के प्रबंधन में क्या योगदान दे सकते हैं –

(a) वन एवं वन्य जन्तु (b) जल संसाधन

प्रश्न–10 अकेले व्यक्ति के रूप में आप विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों की खपत कम करने के लिए क्या कर सकते हैं ?

## नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011–12

**कक्षा – 10**

**विषय – सामाजिक विज्ञान**

अवधि : 4.15 पूर्णांक : 80 अंक

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 22 | 27.50 |
| 2. | अवबोध / अर्थग्रहण | 23 | 28.75 |
| 3. | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | 30 | 37.50 |
| 4. | कौशल / मौलिकता | 5 | 06.25 |
| | | 80 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकारबार अंकभार –

| क्र.सं. | प्रश्नो का प्रकार | प्रश्नो की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक प्रतिशत | प्रतिशत | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पवार | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघुत्तरात्मक | 4 | 1 | 04 | 5.00 | 22 |
| 3. | लघुत्तरात्मक – I | 10 | 2 | 20 | 25.00 | 55 |
| 4. | लघुत्तरात्मक – II | 9 | 3 | 27 | 33.75 | 64 |
| 5. | निबन्धात्मक | 6 | 4 | 24 | 30.00 | 68 |
| 6. | मानचित्र | 1 | 5 | 05 | 6.25 | 25 |
| | योग | 30 | | 80 | 100 | 234 |

विकल्प योजना पुनरावलोकन – 15 मिनट

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | इकाई | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I | भारत और समकालीन विश्व – 2 | 20 | 25.00 |
| 2. | II | भारत संसाधन एवं विकास समकालीन भारत – 2 | 18 | 22.50 |
| 3. | III | लोकतान्त्रिक राजनीति – 2 | 18 | 22.50 |
| 4. | IV | आर्थिक विकास का ज्ञान – 2 | 16 | 20.00 |
| 5. | V | आपदा प्रबन्धन | 08 | 10.00 |
| . | | योग | 80 | 100 |

## नमूने का प्रश्न–पत्र
## विषय – सामाजिक विज्ञान

**समय– 4:15** **पूर्णांक 80**

निर्देश – 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न 1 से 4 तक 1 अंक का हैं? प्रश्न संख्या 5 से 14 तक 2 अंक का हैं प्रश्न संख्या 15 से 23 तक 3 अंक का है। 24 से 29 तक 4 अंक का है।
3. प्रश्न संख्या 30 मानचित्र कार्य से संबंधित है। यह 5 अंक का हैं।

प्रश्न–1 भारत में बाजरा उत्पादक प्रमुख राज्य कौन सा है ? 1
उत्तर– भारत में बाजरा उत्पादक राज्य राजस्थान हैं।
प्रश्न–2 स्वर्णिम चतुर्भुज महा परियोजना कौन–कौनसे शहरों को जोड़ती हैं? 1
उत्तर– दिल्ली–कोलकता, चेन्नई–मुम्बई व दिल्ली को जोड़ने वाली 6 लेन
प्रश्न–3 मुद्रा के कोई दो आधुनिक रूप बताइये। 1
उत्तर– मुद्रा के दो रूप निम्न है –
(1) करेंसी (2) बैंकों में निक्षेप
प्रश्न–4 ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता ऋण उपलब्ध करवाने के एक स्त्रोत का नाम लिखिए?1
उत्तर– सहकारी समितियाँ
प्रश्न–5 गुमाश्ता कौन थे? बताइये। 2
उत्तर– ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने भारतीय बुनकरों पर निगरानी रखने, माल एकत्र करने के लिए वेतन भोगी कर्मचारी थे।
प्रश्न–6 संचार के प्रमुख साधनों के नाम लिखिए। 2
उत्तर– संचार के प्रमुख साधन–टेलीविजन, रेडियो, इण्टरनेट तथा समाचार पत्र–पत्रिकाएँ है।
प्रश्न–7 फेडेकोर (FEDECOR) क्या हैं? 2
उत्तर– फेडेकोर बोलिविया का एक संगठन है, जिसे वहाँ के पेशवरों व इंजीनियरों तथा पर्यावरणविदों ने गठित किया था।
प्रश्न–8 राष्ट्रीय राजनीतिक दल कौन से दल कहलाते हैं? 2
उत्तर– जो दल संघ की सभी इकाइयों में या अनेक इकाइयों में अपना अस्तित्व रखते हो।
प्रश्न–9 वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? 2
उत्तर– विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया वैश्वीकरण है
प्रश्न–10 RTI क्या हैं? 2
उत्तर– 2005 को सरकार ने एक कानून बनाया जो सूचना पाने के अधिकार के नाम से जाना जाता।
प्रश्न–11 विश्व की सबसे पहली भूमिगत रेल का निर्माण कब और कहां हुआ? 2
उत्तर– विश्व की सबसे पहली भूमिगत रेल का निर्माण 10 जनवरी 1863 लन्दन में हुआ।

प्रश्न–12 दो महिला उपन्यासकारों के नाम लिखो? 2

उत्तर– 1. शारलॉट ब्रन्ट 2. जार्ज इलियट

प्रश्न–13 हिन्दी का पहला उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया? लेखक का नाम लिखो 2

उत्तर– हिन्दी का पहला उपन्यास श्रीनिवासन द्वारा लिखा गया।

प्रश्न–14 जॉबर कौन था ? 2

उत्तर– कारखानों में नये मजदूरों की भर्ती के लिये एक विश्वस्त कर्मचारी रखते थे उसे जॉबर कहते थे।

प्रश्न–15 चालों के बारे में आप क्या जानते है? 3

उत्तर– चालें बहुमंजिला ईमारतें होती थी। प्रत्येक चालों में कमरों की कतारें होती थी।, कमरों के लिए अलग–अलग शौचालयों की व्यवस्था नहीं थी।

प्रश्न–16 गिल्डस से आप क्या समझते हैं? इनके क्या कार्य थे? 3

उत्तर– गिल्डस उत्पादकों के संगठन होते थे। इससे जुड़े उत्पादक कारीगरों को प्रशिक्षण देते थे। उत्पादकों पर नियंत्रण रखते थे। प्रतिस्पर्धा और मूल्य तय करते थे।

प्रश्न–17 फतवा से आप क्या समझते हैं? 3

उत्तर– असमंजस की स्थिति में इस्लामी कानून जानने वाले विद्धानों सामान्यतः मुफती के द्वारा की जाने वाली वैधानिक घोषणा को 'फतवा' कहते हैं।

प्रश्न–18 'परीक्षा गुरू' उपन्यास से लेखक ने युवाओं को क्या सन्देश दिया है? 3

उत्तर– परीक्षा गुरू नामक उपन्यास परिवार के युवाओं को बुरी संगत, सोहबत के नैतिक खतरों से आगाह किया हैं।

प्रश्न–19 जूट से कौन–कौनसी वस्तुएँ बनाई जाती हैं? 3

उत्तर– जूट से बोरियाँ, चटाई, रस्सी, तंतु व धागे गलीचे तथा अन्य दस्तकारी वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।

प्रश्न–20 बोलिविया में जल युद्ध होने का क्या कारण था? 3

उत्तर– बोलिविया अमेरिका का एक गरीब देश है। विश्व बैंक ने यहाँ कि नगरपालिका पर जलापूर्ति का अधिकार एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी को बेच दिया इस कम्पनी ने पानी की दरें चार गुना बढ़ा दी। लोगों की मासिक आय 5000/– रूपये थी जबकि पानी का एक माह का बिल 1000/– रू. था जिससे स्वतः स्फूर्त जन–संघर्ष भड़क उठा।

प्रश्न–21 राजनीतिक दल के कार्य क्या हैं? बताइये। 3

उत्तर– चुनाव लड़ना, सरकार बनाना, देश में कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका, विरोधी पक्ष की भूमिका।

प्रश्न–22 न्याय संगत वैश्वीकरण को स्पष्ट कीजिये। 3

उत्तर– न्यायसंगत वैश्वीकरण से तात्पर्य है, कि सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि श्रमिक कानूनों का उचित कार्यान्वयन हो। और श्रमिकों को अपने अधिकार मिले। लघु कुटीर उद्योगों का संरक्षण हो।

प्रश्न–23 उपभोक्ता को जागरूक बनाने के लिए कोई चार सुझाव दीजिए। 3

उत्तर– अखबारों एवं टी.वी. पर विज्ञापन देकर उनके अधिकारों से अवगत कराना। उपभोक्ता संगठनों के माध्यम से जागरूक बनाने के प्रयास, उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम की जानकारी

उपभोक्ता अदालतों की प्रक्रिया बताना।

प्रश्न–24 1740 के बाद गरीब लोग भी उपन्यास पढ़ने लगे। व्याख्या कीजिये। 4

उत्तर– 1740 में किराये पर चलने वाले पुस्तकालयों की स्थापना के बाद लोगों के लिए किताबें सुलभ हो गई। तकनीकी विकास में छपाई के खर्च में कमी आई। जिसमें किताबें सस्ती मिलने लगी।

प्रश्न–25 ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता एवं इसके संरक्षण के उपाय बताइये? 4

उत्तर– देश के आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक आधारभूत आवश्यकता है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक सेक्टर–

1. कृषि 2. उद्योग

3. परिवहन 4. वाणिज्य व घरेलू आवश्यकता की पूर्ति के लिए ऊर्जा के निवेश की आवश्यकता है। संरक्षण के उपाय–

1. बिजली का आवश्यकतानुसार उपयोग।
2. यातायात के लिए निजीवाहनों की जगह सार्वजनिक वाहनो का उपयोग
3. गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत को बढ़ावा देना
4. विद्युत बचत वाले उपकरणों का प्रयोग।

प्रश्न–26 राष्ट्रीय ताप विद्युत ग्रह (NTPC) द्वारा पर्यावरण प्रबन्ध तन्त्र में क्या योगदान है? बताइये। 4

उत्तर– एन.टी.पी.सी. द्वारा प्राकृतिक पर्यावरण और संसाधन जल, खनिज, तेल, गैस तथा ईधन संरक्षण नीति का हिमायती है। इन्हें ध्यान में रखकर ही विद्युत संभागों की स्थापना करता है जिसमें निम्न उपाय संभव हो। आधुनिक तकनीकी द्वारा उपकरणों में सुधार, शाख का इस्तेमाल अपशिष्ट प्रबन्धन।

प्रश्न–27 व्यक्ति की गरिमा और आजादी के प्रोत्साहन में लोकतान्त्रिक व्यवस्था किसी अन्य शासन प्रणाली से किस प्रकार अधिक श्रेष्ठ है? 4

उत्तर व्यक्ति की गरिमा– लोकतंत्र व्यक्ति की गरिमा को उच्च्य रखता है व सम्मान देता है। व्यक्ति की आजादी– लोकतंत्र में सभी व्यक्तियों को राजनितिक, व्यावसायिक व धार्मिक स्वतन्त्रताएँ, जातिगत व्यवहार, महिलाओं के साथ गरिमा ओर समानता का व्यवहार।

अथवा

प्रश्न– लोकतंत्र एक वैध शासन व्यवस्था है। स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– वह व्यवस्था जिसे जनता ने स्वीकार कर लिया हो। लोकतंत्र जन–प्रतिनिधि की व्यवस्था ही, यह लोगों की अपनी शासन व्यवस्था है। पूरी दुनियाँ में लोकतंत्र को जबरदस्त समर्थन का भाव है।

प्रश्न–28 लोकतंत्र को किस प्रकार राजनीतिक तौर पर सुधारा जा सकता हैं? 4

उत्तर– लोकतंत्र को राजनीतिक तौर पर सुधार हेतु ध्यान में रखने योग्य बिन्दु –

1. कानूनों का निर्माण
2. राजनीतिक दलों में सुधार
3. राजनीतिक सुधारों को लागू करने की उचित व्यवस्था

अथवा

प्रश्न– लोकतंत्र की आधारभूत चुनौती क्या है?

उत्तर– दुनिया में एक चौथाई हिस्से में अभी भी लोकतंत्र शासन व्यवस्था नहीं है। इन क्षेत्रों में लोकतंत्र की स्थापना करना आधारभूत चुनौती है। लोकतांत्रिक सरकार गठित करने के लिए बुनियादी आधार की चुनौती।

प्रश्न–29 ऋण से आप क्या समझते हैं? भारत में ऋण उपलब्ध करवाने वाले स्त्रोतों को स्पष्ट कीजिये। 4

उत्तर– ऋण का तात्पर्य एक सहमति से है। जहाँ ऋणदाता कर्जदार को धन, वस्तुएँ या सेवाएं मुहैया कराता है बदले में भविष्य में कर्जदार से भुगतान करने का वादा लेता है।

ऋण के स्त्रोत –

(i) औपचारिक स्त्रोत– व्यापारिक बैंक, सहकारी समितियाँ, ग्रामीण बैंक

(ii) अनौपचारिक स्त्रोत – साहूकार, महाजन, मालिक, व्यापारी।

अथवा

प्रश्न– ऋण की शर्तो पर लेख लिखिए।

उत्तर– ऋण लेने व देने से पूर्व ऋण की शर्ते तय होती है।

(i) ब्याज दर

(ii) समर्थक

(iii) ऋणधार

(iv) आवश्यक कागजात

भुगतान के तरीके

प्रश्न–30 मानचित्र में दर्शाइए –

(i) भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में दो औपनिवेशिक काल के बन्दरगाह को दर्शाइए। 2

उत्तर– 1. गुजरात के तट पर सूरत और बंगाल में हुगली।

(ii) भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में गेहूँ उत्पादन के दो प्रमुख क्षेत्रों को दर्शाइए। 3

उत्तर– मुख्य गेहूँ उत्पादक क्षेत्र – पंजाब, हरियाणा, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान

**इकाई–1 भारत और समकालीन विश्व–2**

**अध्याय–1 औद्योगीकरण का युग**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 इंग्लैण्ड में सबसे पहले कारखाने कब खुले?

प्रश्न–2 भारत के दो प्रारम्भिक उद्यमियों के नाम लिखिए।

प्रश्न–3 औपनिवेशिक काल में किन दो बन्दरगाहों का महत्व बढ़ गया था?

प्रश्न–4 ब्रिटेन में 19वीं शताब्दी के मध्य केवल हाथ से बनाये जाने वाले दो उत्पादों के नाम

बताइये।

प्रश्न–5 भारत के किन दो बन्दरगाहों से विदेशों के साथ व्यापार होता था?

प्रश्न–6 किसने अपने भाप के इंजन को पेटेन्ट कराया और कब कराया?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 गुमाश्ता कौन थे?

प्रश्न–8 जॉबर कौन था?

प्रश्न–9 'कार्डिग' से क्या अभिप्राय हैं?

प्रश्न–10 आदि औद्योगिक व्यवस्था से किसानों को क्या लाभ हुआ?

प्रश्न–11 भारत के किन क्षेत्रों में फ्लाई शटल वाले करघों का प्रयोग किया जाता था।

प्रश्न–12 'फ्लाई शटल' के बारे में आप क्या जानते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 गिल्ड्स से आप क्या समझते हैं? इनके क्या कार्य थे?

प्रश्न–14 ''18वीं शताब्दी में हुए आविष्कारों ने उत्पादन की कुशलता बढ़ा दी।'' विवेचना कीजिये।

प्रश्न–15 ''आदि औद्योगीकरण से गॉवों और शहरों में एक घनिष्ठ सम्बन्ध का विकास हुआ।'' व्याख्या कीजिए?

प्रश्न–16 बाजार में श्रम की अधिकता से मजदूरों की जीवन शैली पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रश्न–17 गुमाश्तों और बुनकरों के मध्य टकराव का क्या प्रभाव हुआ?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–18 नये उपभोक्ता पैदा करने में विज्ञापनों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

प्रश्न–19 इग्लैंड में कारखानों का उदय कब हुआ? इससे उत्पादन की प्रक्रिया में क्या परिवर्तन हुए?

प्रश्न–20 पहले विश्व युद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा?

**अध्याय–2 काम, आराम और जीवन**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 गार्डन सिटी की अवधारणा किसने प्रस्तुत की थी?

प्रश्न–2 विश्व की सबसे पहली भूमिगत रेल का निर्माण कब हुआ और कहाँ हुआ था?

प्रश्न–3 ब्रिटिश शासन काल में दो प्रेसीडेन्सी शहरों के नाम लिखिए।

प्रश्न–4 'मरीन ड्राईव' कहाँ स्थित हैं?

प्रश्न–5 मुम्बई की अधिकांश जनता किसमें रहती हैं?

प्रश्न–6 शहरीकरण से आप क्या समझते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 'टेनेमेन्ट्स से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न–8 लन्दन में भूमिगत रेलवे की क्या उपयोगिता थी?

प्रश्न–9 'नवम्बर, 1887 के खूनी रविवार' से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न–10 भारत का कौनसा शहर 'मायापुरी' कहलाता है? और क्यों?

प्रश्न–11 शहर में रहने वालों को पर्यावरण से सम्बन्धित किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है?

प्रश्न–12 20वीं शताब्दी तक शहरी परिवार में पुनः परिवर्तन क्यों आने लगा था?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 'चालों' के बारे में आप क्या जानते हैं?

प्रश्न–14 ''शहरी इलाके कई तरह के हो सकते है।'' व्याख्या कीजिए।

प्रश्न–15 मुम्बई शहर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्रश्न–16 'टेनेमेन्टस' से आप क्या समझते हैं? ये स्वास्थ्य के लिए खतरा क्यों थे?

प्रश्न–17 लन्दन को साफ–सुथरा बनाने के लिए किये गये उपाय लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–18 विशाल शहरी आबादी के होने से निम्नलिखित पर क्या असर पडेगा?

(क) जमींदार

(ख) कानून व्यवस्था संभालने वाला पुलिस अधीक्षक

(ग) राजनीतिक दल का नेता।

प्रश्न–19 पेरिस के हॉसमीकरण का क्या अर्थ हैं?

प्रश्न–20 सरकारी नियमन और नए कानूनो ने प्रदूषण की समस्या को किस प्रकार से हल किया?

**खण्ड–रोजाना की जिंदगी, संस्कृति और राजनीति**

**अध्याय–3 मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 इटली का कौन सा यात्री चीन की यात्रा करने के बाद वहाँ से काठ की तख्ती वाली छपाई का ज्ञान लेकर चीन लौटा और कब?

प्रश्न–2 अपनी पुस्तकों और लेखों के प्रकाशन के कारण किस धर्म सुधारक ने प्रोटेस्टेन्ट धर्म सुधार आन्दोलन की शुरूआत की?

प्रश्न–3 आधुनिक प्रिंटिग प्रेस का आविष्कार किसने किया और कब किया?

प्रश्न–4 भारत में सबसे पहले प्रिंटिग प्रेस कहाँ स्थपित हुआ और कब?

प्रश्न–5 जापान की सबसे पुरानी पुस्तक कौन सी है? वह कब छपी थी?

प्रश्न–6 'बंगाल गजट' नामक साप्ताहिक पत्रिका का प्रकाशन किसने और कब किया?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 मुद्रण की सबसे पहली तकनीक किन देशों में विकसित हुई?

प्रश्न–8 मार्टिन लूथर कौन था?

प्रश्न–9 फ्रांस के उन दो विचारकों और लेखकों के नाम लिखिए जिनके लेखों ने फ्रांसिसी क्रान्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्राप्त की?

प्रश्न–10 'फतवा' से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न–11 'गुलाम गिरी' के रचयिता कौन थे। इस पुस्तक की रचना कब हुई?

प्रश्न–12 भारत में पहली तमिल पुस्तिका तथा पहली मलयालम पुस्तिका कब व किसके द्वारा छापी गई?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट क्या था? यह कब लागू किया गया?

प्रश्न–14 जापान में मुद्रण की तकनीक पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न–15 मुद्रण क्रान्ति से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न–16 उन्नीसवीं सदी में छापेखाने की तकनीक में हुए सुधारों का वर्णन कीजिये।

प्रश्न–17 मुद्रण के द्वारा हिन्दू धर्म–सुधारकों व रूढ़िवादियों को किस प्रकार प्रभावित किया गया? समझाइये।

प्रश्न–18 मुद्रित पुस्तकों के बारे में लोगों में क्या डर थे? बताइये?

प्रश्न–19 प्रिंटिंग प्रेस से क्या लाभ हुए।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–20 टिप्पणी लिखिए –

(क) गुटेन्बर्ग प्रेस

(ख) छपी किताब को लेकर इरैस्मस के विचार

(ग) वर्नाक्यूलर या देशी प्रेस एक्ट।

प्रश्न–21 मुद्रण संस्कृति ने भारत में राष्ट्रवाद के विकास में क्या मदद की?

प्रश्न–22 कुछ लोग किताबों की सुलभता को लेकर क्यों चिंतित थे?

प्रश्न–23 उन्नीसवीं सदी में भारत में मुद्रण–संस्कृति के प्रसार का इनके लिए क्या मतलब था–

(क) महिलाएँ

(ख) गरीब जनता

(ग) सुधारक

**अध्याय–4 उपन्यास, समाज और इतिहास**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 चार्ल्स डिकेन्स द्वारा कौन से दो उपन्यासों की रचना की गई?

प्रश्न–2 दो महिला उपन्यासकारों के नाम लिखो।

प्रश्न–3 हिन्दी का पहला उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया लेखक का नाम लिखिये।

प्रश्न–4 'हार्ड टाइम्स' नाम का उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया लेखक का नाम लिखिये।

प्रश्न–5 मलयालम का पहला आधुनिक उपन्यास कौन सा था? इसकी रचना किसके द्वारा की गई थी?

प्रश्न–6 रोकैया हुसैन के द्वारा किस उपन्यास की रचना की गई। जिसमें महिलाओं की दशा को सुधारने का आहवान किया गया?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 'गोदान' उपन्यास के लेखक कौन थे? इससे समाज का कौन–सा वर्ग प्रभावित होता है?

प्रश्न–8 औद्योगीकरण के किन दुष्प्रभावों से प्रेरित होकर चार्ल्स डिकेन्स ने अपने उपन्यासों की रचना की थी?

प्रश्न–9 उपन्यासों की लोकप्रियता क्यों हुई? कारण दीजिये।

प्रश्न–10 भारत में आधुनिक उपन्यासों के नाम व लेखकों के नाम बताइये।

प्रश्न–11 मुंशी प्रेमचंद के लेखन से हिन्दी उपन्यास में विकास हुआ। स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–12 रोकेया हुसैन पर टिप्पणी लिखिए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 परीक्षा गुरू नामक उपन्यास से लेखक ने युवाओं को क्या सन्देश दिया है?

प्रश्न–14 बंगाल के उपन्यास साहित्य पर प्रकाश डालिये।

प्रश्न–15 औपनिवेशिक काल के उपन्यासों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न–16 'इन्दिरा बाई' के उपन्यास से क्या सन्देश मिलता हैं?

प्रश्न–17 उपन्यास 'इन्दुलेखा' के द्वारा लेखक ने क्या बताने का प्रयास किया हैं।

प्रश्न–18 देवकीनंदन खत्री के उपन्यास 'चन्द्रकांता' का क्या महत्व है।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–19 भारतीय उपन्यासों में एक अखिल भारतीय जुड़ाव का अहसास पैदा करने के लिए किस तरह की कोशिशें की गई? उपन्यास की कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न–20 औपनिवेशिक भारत के उपन्यासकार एक राजनीतिक उद्देश्य के लिए लिख रहे थे? व्याख्या कीजिये।

प्रश्न–21 1740 के बाद गरीब लोग भी उपन्यास पढ़ने लगे। व्याख्या कीजिये।

प्रश्न–22 उपन्यासों ने भारत में सामाजिक चेतना उत्पन्न करने में कैसे योगदान दिया?

1. भारत के मानचित्र में सात टापुओं को मिलाकर विकसित की गई बंबई को दर्शाइये?
2. भारत के मानचित्र में 1931 में बड़े पैमाने पर उद्योगों वाले क्षेत्रों को इंगित कीजिए?
3. भारत के मानचित्र में गुजरात के दो बन्दरगाहों को दर्शाइये?
4. भारत के मानचित्र में दो औपनिवेशिक काल के बन्दरगाह चिन्हित कर दर्शाइये?

## इकाई–2 समकालीन भारत

### अध्याय–5 कृषि

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 भारत की तीन शस्य ऋतुओं के नाम लिखिए?

प्रश्न–2 भारत में बाजरा उत्पादक प्रमुख राज्य कौन–सा है?

प्रश्न–3 हरियाणा व पंजाब राज्य की वाणिज्य फसल का नाम बताइये?

प्रश्न–4 भारत की मुख्य रोपण फसलों के नाम बताइये?

प्रश्न–5 भारत में शुष्क प्रदेशों में पैदा की जाने वाली फसल का नाम बताइये?

प्रश्न–6 FCI (एफ.सी.आई.) का पूरा नाम क्या है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 भारत में गेहूँ की फसल उत्पादित करने वाले दो प्रमुख क्षेत्रों के नाम बताइये?

प्रश्न–8 रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएं क्या है?

प्रश्न–9 वाणिज्य कृषि के मुख्य लक्षण बताइये।

प्रश्न–10 कार्बनिक कृषि क्या है?

प्रश्न–11 भूदान से क्या आभिप्राय है? यह कार्यक्रम किस के द्वारा चलाया गया?

प्रश्न–12 भारत की चार प्रमुख रेशेदार फसलें कौन सी है? इनमें से कौन सी तीन फसलें मिट्‌टी में उगाई जाती है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 रोपण कृषि की प्रमुख विशेषताएं बताइये तथा मुख्य रोपण फसलों के नाम लिखिए?

प्रश्न–14 जूट से कौन–कौन सी वस्तुएँ बनाई जाती हैं? बताइये।

प्रश्न–15 एक पेय फसल का नाम बताइये तथा उसको उगाने के लिए अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियों का विवरण दें?

प्रश्न–16 भारत की एक खाद्य फसल का नाम बताएँ और जहाँ ये पैदा की जाती है उन क्षेत्रों का विवरण दें?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए?

प्रश्न–18 भारत में दालों की कृषि का उल्लेख कीजिए।

### अध्याय–6 खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क का नाम बताइये।

प्रश्न–2 सीमेन्ट उद्योग में मुख्य रूप से काम आने वाले कच्चे माल का नाम बताइये।

प्रश्न–3 पशुओं के गोबर को काम में लेने वाले संयन्त्र देश में किस नाम से जाने जाते हैं?

प्रश्न–4 भारत में मैंगनीज के सबसे बड़े उत्पादक राज्य का नाम बताइये।

प्रश्न–5 राजस्थान में अभ्रक उत्पादक क्षेत्र कहॉ पर हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 खनिज क्या हैं?

प्रश्न–7 आग्नेय तथा कायान्तरित चट्टानों में खनिजों का निर्माण कैसे होता है?

प्रश्न–8 चूना–पत्थर के दो प्रमुख उपयोग लिखिए?

प्रश्न–10 भारत के पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र कौन–कौन से है?

प्रश्न–11 भारत में विद्युत ऊर्जा उत्पादित करने वाली तीन प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजनाओं के नाम बताइये?

प्रश्न–12 ऊर्जा के गैर–परम्परागत साधनों के नाम बताइये।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 हमें खनिजों के संरक्षण की क्यों आवश्यकता है?

प्रश्न–14 रेट होल खनन से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न–15 ताँबे के उपयोग लिखिए?

प्रश्न–16 खनन का स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को बताइये।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य उज्जवल है, क्यों?

प्रश्न–18 ऊर्जा के संरक्षण की आवश्यकता एवं इसके संरक्षण के उपाय बताइये।

प्रश्न–19 हमें खनिजों के संरक्षण की क्यों आवश्यकता है?

**अध्याय–7 विनिर्माण उद्योग**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 भारत की इलेक्ट्रॉनिक राजधानी के रूप में उभरे शहर का नाम लिखिए?

प्रश्न–2 किन्हीं दो प्रमुख उपभोक्ता उद्योगों के नाम बताइये।

प्रश्न–3 किसी देश के आर्थिक विकास के लिए रीढ़ किसे कहा जाता है?

प्रश्न–4 खनिज पर आधारित किन्हीं दो उद्योगों के नाम बताइये।

प्रश्न–5 भारत में सार्वजनिक क्षेत्र में लगे तथा सरकार के द्वारा संचालित एक प्रमुख उद्योग का नाम बताइये।

प्रश्न–6 भारत में पहला सीमेन्ट उद्योग कब और कहाँ पर लगाया?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 कृषि पर आधारित उत्पादों के उद्योगों से आपका क्या आशय है? उदाहरण दीजिए।

प्रश्न–8 भारत में पटसन उद्योग में आने वाली दो समस्याओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न–9 भारत में सूती वस्त्र उद्योग का कारखाना सबसे पहले कब व किस स्थान पर लगाया गया?

प्रश्न–10 लोह इस्पात उद्योग को भारी उद्योग क्यों कहा जाता है?

प्रश्न–11 भारत में चीनी उद्योग में क्या चुनौतियाँ है? बताइये।

प्रश्न–12 एल्यूमिनियम के उपयोग बताइये।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 भारत में मोटर गाड़ी उद्योग के केन्द्र बताइये।

प्रश्न–14 भारत की अर्थव्यवस्था में वस्त्र उद्योग के महत्व पर प्रकाश डालिये।

प्रश्न–15 उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले तीन मानवीय कारक बताइये।

प्रश्न–16 आधारभूत उद्योग क्या है? उदाहरण देकर बताइये।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) द्वारा पर्यावरण प्रबन्ध तन्त्र में क्या योगदान है? बताइये।

प्रश्न–18 उद्योगों द्वारा पर्यावरण निम्नीकरण को कम करने के लिए उठाये गये उपाय लिखिए।

प्रश्न–19 भारत में ऊनी वस्त्रों की खपत सीमित होने के कारण बताएँ।

प्रश्न–20 उद्योग वायु और जल को किस प्रकार प्रदूषित करते हैं?

**अध्याय राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 स्थल परिवहन कितने प्रकार का होता है?

प्रश्न–2 स्वर्णिम चतुर्भुज महाराजमार्ग परियोजना कौन–कौन से शहरों को जोड़ती है?

प्रश्न–3 दिल्ली एवं अमृतसर के मध्य ऐतिहासिक राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम बातइए।

प्रश्न–4 राज्यों व देशों में व्यक्तियों के बीच वस्तुओं का आदान प्रदान क्या कहलाता है?

प्रश्न–5 भारत के परिवहन मानचित्र पर एक नया परिवहन का साधन क्या हैं?

प्रश्न–6 भारत में कितने दूरभाष केन्द्र हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–7 ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के प्राधिकरण का नाम बताइये जो देश में सबसे बड़ा हो?

प्रश्न–8 भारत में विदेशी पर्यटकों के आने के कारण स्पष्ट करो?

प्रश्न–9 संचार के प्रमुख साधनों के नाम लिखिए।

प्रश्न–10 प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के बारे में आप क्या जानते हैं? बताइये।

प्रश्न–11 स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के लक्ष्य बताइये तथा यह किसके अधिकार क्षेत्र में हैं?

प्रश्न–12 भारत का कौन–सा राजमार्ग सबसे लम्बा है? वह कितने किलोमीटर लम्बा है तथा कौन से शहरों को जोड़ता है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–13 सड़क परिवहन के तीन गुण बताइये?

प्रश्न–14 रेल परिवहन कहाँ पर अत्यधिक सुविधाजनक परिवहन साधन हैं तथा क्यों?

प्रश्न–15 सीमान्त सड़कों का महत्व बताइये?

प्रश्न–16 भारतीय सड़क परिवहन की प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिये।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 भारत में रेल परिवहन के विकास पर निबन्ध लिखिए।

प्रश्न–18 निम्न पर टिप्पणी लिखिए–

(क) स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्ग।

(ग) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना।

**मानचित्र कार्य**

1. भारत के मानचित्र में गेहूँ उत्पादन के दो प्रमुख क्षेत्रों को दर्शाइये।
2. भारत के मानचित्र में अभ्रक प्राप्ति के दो स्थानों को चिन्हित कर दर्शाइये।
3. भारत के मानचित्र में दो आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थानों को दर्शाइये।
4. भारत के मानचित्र में दो अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे चिन्हित कर दर्शाइये।

**इकाई – III लोकतांत्रिक राजनीति–2**

**अध्याय–9 जन संघर्ष और राजनीति**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 नेपाल में लोकतंत्र कब कायम हुआ?

प्रश्न–2 मानवाधिकार संगठन किसका प्रतिनिधित्व करता है?

प्रश्न–3 बोलिविया में जल युद्ध होने का क्या कारण था?

प्रश्न–4 लोकतंत्र की तीसरी लहर के देश कौन से थे?

प्रश्न–5 बोलिविया की हड़ताल में कौन–कौन शामिल थे?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 फेडेकोर क्या है?

प्रश्न–7 किन्हीं चार आन्दोलनों के नाम बताइए।

प्रश्न–8 BAMCEF से क्या आशय है?

प्रश्न–9 आन्दोलन किसे कहते हैं?

प्रश्न–10 आन्दोलनों के दो प्रकार कौन से हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–11 हित समूह अथवा दबाव समूह किसे कहते हैं?

प्रश्न–12 दबाव समूह क्या है? कुछ उदाहरण देकर समझाइए।

प्रश्न–13 क्या इसका मतलब यह हुआ कि जिस पक्ष ने ज्यादा संख्या में लोग जुटा लिए वह अपना चाहा हुआ सब कुछ हासिल कर लेगा? क्या हम यह माने? लोकतंत्र का मतलब जिसकी लाठी उसकी भैंस?

प्रश्न–14 दबाव समूह और राजनीतिक दल में क्या अन्तर है?

प्रश्न–15 नेपाल तथा बोलिविया के आन्दोलनों में क्या समानताएँ थी?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–16 आन्दोलनकारी समूह क्या होते हैं? इनके प्रकारों के बारे में बताइए।

प्रश्न–17 नेपाल तथा बोलिविया में हुए लोकप्रिय जन संघर्षो से हम क्या निष्कर्ष निकालते हैं?

प्रश्न–18 नेपाल में 2006 का लोकतंत्र का आन्दोलन क्यों किया गया?

**पाठ–10 जन संघर्ष और राजनीति**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 राजनीतिक दल के प्रमुख अंग कौन–कौन से हैं?

प्रश्न–2 राजनीतिक दल का प्रमुख गुण क्या है?

प्रश्न–3 भारत के कोई क्षेत्रीय राजनीतिक दल का नाम लिखिए।

प्रश्न–4 भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब हुई?

प्रश्न–5 सामाजिक और राजनीतिक विभाजनों के लिए किसको जिम्मेदार मानते हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 भारत के किन्हीं चार राज्य स्तरीय (क्षेत्रीय) राजनीतिक दलों के नाम लिखिए।

प्रश्न–7 राजनीतिक दलों की दो प्रमुख चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न–8 राजनीतिक दलों के लिए कोई दो सुझाव लिखिए।

प्रश्न–9 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की दो प्रमुख चुनौतियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न–10 प्रान्तीय दल कौन से दल कहलाते है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–11 लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं के मुख्य बिन्दु को लिखिए।

प्रश्न–12 राजनीतिक दल का क्या अर्थ होता है?

प्रश्न–13 राजनीतिक दल की वंशवाद की चुनौती से क्या आशय है?

प्रश्न–14 राजनीति दल जनमत का निर्माण किस प्रकार करते हैं?

प्रश्न–15 राजनीतिक दल की विपक्ष की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–16 ठीक है, मान लिया कि हम दलों के बगैर नहीं रह सकते। पर जरा यह बताइए कि इस तरह के दलों के साथ हम रह सकते हैं?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 किसी भी राजनीतिक दल के गुण क्या होते हैं?

प्रश्न–18 राजनीतिक दल अपना कामकाज बेहतर ढंग से करें, इसके लिए उन्हें मजबूत बनाने के कुछ सुझाव दें।

प्रश्न–19 भारत में राजनीतिक दलों में सुधार के लिए क्या प्रयत्न किए गए?

प्रश्न–20 दल महिलाओं को पर्याप्त टिकट क्यों नहीं देते? क्या इसका कारण आन्तरिक लोकतंत्र की कमी है?

**अध्याय–11 लोकतंत्र के परिणाम**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 वर्तमान में विश्व में कितने देश किसी न किसी तरह लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं?

प्रश्न–2 लोकतंत्र का अर्थ क्या है?

प्रश्न–3 किस देश में आर्थिक असमानता सबसे कम हैं?

प्रश्न–4 तानाशाही, लोकतंत्र से ज्यादा दोषपूर्ण क्यों है?

प्रश्न–5 लोकतंत्र का कोई एक गुण बताइए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 किन संस्थागत कार्यों में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ ज्यादा सफल रही हैं?

प्रश्न–7 सरकार के बारे में जानकारी के लिए हमारे पास कौन–कौन से स्त्रोत हैं?

प्रश्न–8 कौन–सी सरकार अधिक भ्रष्ट होती है– लोकतंत्र या तानाशाही?

प्रश्न–9 किसी भी लोकतंत्र का मुख्य लक्षण क्या है?

प्रश्न–10 लोकतंत्र में सरकारें क्यों जनता के प्रति उत्तरदायी होती हैं?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–11 लोकतंत्र का मतलब है– बहुमत का शासन। गरीबों का बहुमत, इसलिए लोकतंत्र का मतलब हुआ 'गरीबों का राज'। पर ऐसा होता क्यों नही हैं?

प्रश्न–12 लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन करता है?

प्रश्न–13 लोकतंत्र अपने नागरिकों के बीच की असमानता को कम नहीं कर सकता?

प्रश्न–14 लोकतांत्रिक सरकारों में फैसले लेने में अधिक समय क्यों लगता हैं?

प्रश्न–15 लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शान्ति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए

किस प्रकार मद्दगार साबित होती हैं?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–16 लोकतंत्र क्या है? शिकायतों को लोकतंत्र की सफलता का प्रमाण किस प्रकार माना जाता है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–17 लोकतंत्र किन स्थितियों में सामाजिक विविधता को संभालता है और उनके बीच सामजस्य बैठाता है?

प्रश्न–18 व्यक्ति की गरिमा और आजादी के प्रोत्साहन में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी अन्य शासन प्रणाली से किस प्रकार अधिक श्रेष्ठ है?

**अध्याय–12 लोकतंत्र की चुनौतियाँ**

**अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–1 लोकतंत्र की स्थापना की चुनौती से क्या आशय है?

प्रश्न–2 लोकतांत्रिक सुधार किसे कहा जाता है?

प्रश्न–3 लोकतंत्र का कोई एक महत्वपूर्ण कार्य बताइए।

प्रश्न–4 लोकतंत्र को मजबूत करने की चुनौती में क्या शामिल है?

प्रश्न–5 लोकतंत्र शासन का कौन सा स्वरूप है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 चुनौती से क्या आशय है?

प्रश्न–7 राजनीतिक सुधार से क्या आशय है?

प्रश्न–8 सूचना के अधिकार की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न–9 राजनीतिक सुधार किसके द्वारा हो सकता है?

प्रश्न–10 लोकतांत्रिक सुधार में चिन्ता किस बात की होनी चाहिए?

प्रश्न–11 भारतीय लोकतंत्र को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–12 लोकतंत्र की पुनर्परिभाषा लिखिए।

प्रश्न–13 लोकतंत्र की आधारभूत चुनौती क्या है?

प्रश्न–14 लोकतंत्र को किन–किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

प्रश्न–15 लोकतंत्र शासनों में लोकतंत्र को मजबूत बनाने की चुनौती क्या है?

प्रश्न–16 लोकतंत्रों द्वारा सामना की जाने वाली विस्तार की चुनौतियाँ क्या है?

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 लोकतंत्र को किस प्रकार राजनीतिक तौर पर सुधारा जा सकता है?

प्रश्न–18 लोकतंत्र की विशेषताएँ बिन्दुवार लिखिए।

## इकाई–IV आर्थिक विकास की समझ

## अध्याय–13 मुद्रा और साख

### अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्रश्न–1 ऋण की कोई एक शर्त बताइए।

प्रश्न–2 मुद्रा के कोई दो आधुनिक रूप बताइए।

प्रश्न–3 औपचारिक क्षेत्रक में ऋण उपलब्ध करवाने वाले स्त्रोत का नाम बताइए।

प्रश्न–4 ग्रामीण क्षेत्रों को सस्ता ऋण उपलब्ध करवाने के एक स्त्रोत का नाम बताइए।

प्रश्न–5 भारत में वाणिज्य अथवा व्यवसायिक बैंकों का कोई एक कार्य लिखिए।

### लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –

प्रश्न–6 मुद्रा के प्रयोग से वस्तुओं के विनियम में सहूलियत कैसे आती है?

प्रश्न–7 मांग जमा को मुद्रा क्यों कहा जाता है?

प्रश्न–8 सभी लोगो को यथोचित दरों पर ऋण क्यों उपलब्ध होना चाहिए?

प्रश्न–9 क्या सोनपुर के सभी लोगों को सस्ती दरों पर कार्य मिल सकता है? किन लोगों को मिल सकता है?

प्रश्न–10 आपकी समझ में गरीब परिवारों की तुलना में अमीर परिवारों के ऋणों का हिस्सा अधिक होता है?

### लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –

प्रश्न–11 10 रुपये के नोट को देखिए। इसके ऊपर क्या लिखा होता है? क्या आप इस कथन की व्याख्या कर सकते है?

प्रश्न–12 ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्त्रोतों में क्या अन्तर है?

प्रश्न–13 भारतीय रिजर्व बैंक अन्य बैंकों की गतिविधियों पर किस तरह नजर रखता है? यह जरूरी क्यों है?

प्रश्न–14 सोनपुर के छोटे किसान, मध्यम किसान और भूमिहीन कृषि मजदूर के लिए ऋण की शर्तो की तुलना कीजिए।

प्रश्न–15 विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

### निबन्धात्मक प्रश्न –

प्रश्न–16 वस्तु विनियम प्रणाली से आप क्या समझते है? इसकी प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–17 ऋण से आप क्या समझते हैं? भारत में ऋण उपलब्ध करवाने वाले स्त्रोतों को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–18 एक अर्थव्यवस्था में मुद्रा की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

## अध्याय–14 वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

### अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्रश्न–1 दो देशों के मध्य होने वाले व्यापार को क्या कहते हैं?

प्रश्न–2 उस कम्पनी को क्या कहा जाता है? जो एक से अधिक देशों के नियन्त्रण एवं स्वामित्व रखती है।

प्रश्न–3 अंग्रेजों के समय भारत का विदेशी व्यापार कैसा था?

प्रश्न–4 भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा उत्पादित दो उत्पादों के नाम लिखो।

प्रश्न–5 वैश्वीकरण के फलस्वरूप भारत में होने वाली कोई एक हानि बताइए।

### लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –

प्रश्न–6 वैश्वीकरण की प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की क्या भूमिका है?

प्रश्न–7 वे कौन से विभिन्न तरीके हैं, जिनके द्वारा देशों को परस्पर संबंधित किया जा सकता है?

प्रश्न–8 भारत में फोर्ड मोटर्स द्वारा कारों का निर्माण से उत्पादन किस प्रकार परस्पर संबंधित होगा?

प्रश्न–9 बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अन्य कम्पनियों से किस प्रकार भिन्न (अलग) हैं?

प्रश्न–10 अतीत में देशों को जोड़ने वाला मुख्य माध्यम क्या था? अब यह अलग कैसे है?

प्रश्न–11 विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश में अन्तर स्पष्ट करिए।

### लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –

प्रश्न–12 वस्त्र उद्योग में श्रमिकों, भारतीय निर्यातकों और विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को प्रतिस्पर्धा ने किस प्रकार प्रभावित किया?

प्रश्न–13 वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–14 दूसरे देशों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ किस प्रकार उत्पादन या उत्पादन पर नियन्त्रण स्थापित करती हैं?

प्रश्न–15 विश्व व्यापार संगठन पर एक टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न–16 बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अन्य देशों में निवेश करने से पूर्व किन बातों को ध्यान में रखती हैं?

### निबन्धात्मक प्रश्न –

प्रश्न–17 बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आप क्या समझते हैं? भारत में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–18 विदेशी व्यापार से आप क्या समझते है? विदेशी व्यापार की भूमिका अथवा लाभ को स्पष्ट कीजिए।

## अध्याय–15 उपभोक्ता अधिकार

### अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्रश्न–1 उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम कब पारित किया गया?

प्रश्न–2 R.T.I. का पूरा नाम क्या है?

प्रश्न–3 भारत में उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने हेतु चलाए जा रहे एक कार्यक्रम का नाम बताइए।

प्रश्न–4 उपभोक्ता संरक्षण से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न–5 उपभोक्ता आन्दोलन का व्यवस्थित रूप से उदय कब हुआ?

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_1$) –**

प्रश्न–6 आपकी राय में उपभोक्ताओं के सुरक्षा के लिए सरकार की क्या भूमिका है?

प्रश्न–7 नियम और कानून होने के बावजूद उनका पालन नहीं होता है क्यों? विचार–विमर्श करें।

प्रश्न–8 उपभोक्ता अपनी एक जुटता का प्रदर्शन कैसे कर सकता है?

प्रश्न–9 ऐसे दो तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनसे प्रायः दुकानदार उपभोक्ता का शोषण करते हैं?

प्रश्न–10 उपभोक्ता के कोई दो अधिकारों के नाम लिखिए।

**लघुत्तरात्मक प्रश्न ($SA_2$) –**

प्रश्न–11 कुछ ऐसे कारकों की चर्चा करें, जिनसे उपभोक्ता का शोषण होता है?

प्रश्न–12 उपभोक्ता दलों द्वारा कौन–कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं?

प्रश्न–13 वे कौन से विभिन्न तरीके हैं जिनके द्वारा बाजार में लोगों का शोषण हो सकता है?

प्रश्न–14 दो उदाहरण देकर उपभोक्ता जागरूकता का वर्णन करें।

प्रश्न–15 अपने क्षेत्र के बाजार में जाने पर उपभोक्ता के रूप में अपने कर्तव्यों का वर्णन करें।

प्रश्न–16 उपभोक्ता को जागरूक बनाने के चार सुझाव दीजिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न –**

प्रश्न–17 उपभोक्ता आन्दोलनों की शुरूआत किन कारणों से हुई? इसके विकास के बारे में पता लगाएँ।

प्रश्न–18 सूचना पाने के अधिकार को स्पष्ट कीजिए तथा बताइए कि यह उपभोक्ताओं के लिए क्यों उपयोगी है?

**इकाई : 1 भारत और समकालीन विश्व –2**

**खण्ड II जीविका, अर्थव्यवस्था एवं समाज**

(1) औद्योगिकीकरण का युग

(क) औद्योगिक क्रांति से पहले

(ख) हाथ का श्रम और वाष्प शक्ति

(ग) उपनिवेशों में औद्योगीकरण

(घ) फैक्ट्रियों का आना

(च) औद्योगिक विकास का अनूठापन

(छ) वस्तुओं के लिए बाजार

(2) काम, आराम और जीवन

(क) शहर की विशेषताएँ

(ख) शहर में सामाजिक बदलाव

(ग) शहर में राजनीति

(घ) औपनिवेशिक भारत के शहर

(च) शहर और पर्यावरण की चुनौती

(3) मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया

(क) शुरूआती छपी किताबें

(ख) यूरोप में मुद्रण का आना

(ग) मुद्रण क्रांति और उसका असर

(घ) पढ़ने का जुनून

(च) उन्नीसवीं सदीं

(छ) भारत का मुद्रण संसार

(ज) धार्मिक सुधार और सार्वजनिक बहसें

(झ) प्रकाशन के नए रूप

(ट) प्रिंट और प्रतिबंध

(4) उपन्यास, समाज और इतिहास

(क) उपन्यास का उदय

(ख) उपन्यास भारत आया

(ग) औपनिवेशिक जमाने में उपन्यास

(घ) महिलाएँ और उपन्यास

(च) राष्ट्र और उसका इतिहास

मानचित्र कार्य

**इकाई–2 समकालीन भारत–2**

(5) कृषि

(क) कृषि के प्रकार

(ख) शस्य प्रारूप

(ग) मुख्य फसलें

(घ) प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधार

(च) कृषि का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और उत्पादन में योगदान

(छ) खाद्य सुरक्षा

(ज) वैश्वीकरण का कृषि पर प्रभाव

(6) खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

(क) खनिज क्या हैं?

(ख) खनिजों की उपलब्धता

(ग) लौह खनिज

(घ) अलौह खनिज

(च) अधात्विक खनिज

(छ) चट्टानी खनिज

(ज) खनिजों का संरक्षण

(झ) ऊर्जा संसाधन

(ट) ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण

(7) विनिर्माण उद्योग

(क) विनिर्माण का महत्व

(ख) औद्योगिक अवस्थिति

(ग) उद्योगों का वर्गीकरण

(घ) औद्योगिक प्रदूषण तथा पर्यावरण निम्नीकरण

(एक केस अध्ययन सहित प्रस्तुत करना)

(8) राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

(क) परिवहन (i) स्थल परिवहन (ii) जल परिवहन (iii) वायु परिवहन

(ख) संचार सेवाएँ

(ग) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

मानचित्र कार्य

**इकाई–3 लोकतांत्रिक राजनीति– 2**

(9) जनसंघर्ष और आंदोलन

(क) नेपाल और बोलिविया में जनसंघर्ष

(ख) लामबंदी और संगठन

(ग) दबाव समूह और आंदोलन

(10) राजनीतिक दल

(क) राजनीतिक दलों की जरूरत क्यों?

(ख) कितने राजनीतिक दल

(ग) राष्ट्रीय राजनीतिक दल

(घ) प्रांतीय दल

(च) राजनीतिक दलों के लिए चुनौतियाँ

(छ) दलों को कैसे सुधारा जा सकता हैं?

(11) लोकतंत्र के परिणाम

(क) लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन कैसे करें?

(ख) उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन

(ग) आर्थिक संवृद्धि और विकास

(घ) असमानता और गरीबी में कमी

(च) सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य

(छ) नागरिकों की गरिमा और आजादी

(12) लोकतंत्र की चुनौतियाँ

(क) चिंतन चुनौतियों का

(ख) अलग–अलग संदर्भ, अलग–अलग चुनौतियाँ

(ग) अलग–अलग तरह की चुनौतियाँ

(घ) राजनीतिक सुधारों पर विचार

(च) राजनेताओं को सुधारना

(छ) लोकतंत्र की पुनर्परिभाषा

**इकाई–4 आर्थिक विकास की समझ**

(13) मुद्रा और साख

(क) मुद्रा के आधुनिक रूप

(ख) बैंकों की ऋण संबंधी गतिविधियाँ

(ग) साख की दो विभिन्न स्थितियाँ

(घ) ऋण की शर्ते

(च) भारत में औपचारिक क्षेत्रक में साख

(छ) निर्धनों के स्वयं सहायता समूह

(14) वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

(क) अन्तर्देशीय उत्पादन

(ख) वैश्वीकरण क्या हैं?

(ग) विश्व व्यापार संगठन

(घ) न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए संघर्ष

(15) उपभोक्ता जागरूकता

(क) बाजार में उपभोक्ता

(ख) उपभोक्ता आंदोलन

(ग) उपभोक्ता अधिकार

(घ) उपभोक्ता आंदोलन को आगे बढ़ाने के संबंध में